कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 337, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 06 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बंगाल: ईडी की टीम पर जबरदस्त हमला

## ईडी अधिकारी ने बयां की हमले की दास्तान, पुलिस ने कहा - शिकायत दर्ज नहीं होने तक किसी को गिरफ्तार नहीं करेंगे

**कोलकाता**
करोड़ों रुपए के राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के एक तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर ईडी के एक अधिकारी ने हिन्दुस्थान समाचार को विस्तार से बताया है कि किस तरह से उन्हें घेर कर हमले किए गए। दूसरी और जिला पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई जाएगी तब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं होगी। केंद्रीय टीम पर हमले को लेकर स्वतः संज्ञान के बारे में पूछे जाने पर उक्त अधिकारी ने साफ कर दिया कि इस बारे में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। उधर हमले की घटना के बारे में ईडी के एक अधिकारी ने बताया, "जब ईडी अधिकारी सुबह संदेशखली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया और फिर उन पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टीम को वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया। ईडी अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए अपने क्षतिग्रस्त वाहनों को वहीं छोड़कर ऑटो रिक्शा और बाइक पर सवार होकर वहां से भागे।" उन्होंने बताया कि कम से कम दो अधिकारियों को गंभीर चोट लगी है और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

**जेल में बंद मंत्री का करीबी है शाहजहां**
शाहजहां को राज्य के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का करीबी सहयोगी माना जाता है।

ज्योतिप्रिय को करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया, इस तरह का हमला अप्रत्याशित है।



## सांवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो गया: जस्टिस गांगुली

**कोलकाता**
कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर "हमले" के बारे में खुलकर बात की। वकील सुदीप्त दासगुप्ता ने शुक्रवार को इस मामले पर जज का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जज के सामने पूरी घटना बताई। इसके बाद जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा, """राज्यपाल यह घोषणा क्यों नहीं कर रहे हैं कि राज्य में संवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो गया है?"""

इस संबंध में जज ने आगे कहा, "अगर जांच एजेंसी पर हमला हुआ तो जांच कैसे होगी?"

## हमले को लेकर भाजपा ने ममता से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली**
पश्चिम बंगाल में जांच के लिए गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टीम पर हुए हमले की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निंदा करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल आज जंगल राज का पर्याय बन गया है। वहां जांच के लिए गए ईडी अधिकारियों पर टीएमसी के गुंडों और अवैध रूप से घुसपैठ करने वाले रोहिंग्याओं ने हमला किया। यह शर्मनाक घटना है। पश्चिम बंगाल 'जंगल राज' का पर्याय बन गया है। ममता बनर्जी की नाक के नीचे कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।



इस घटना में दो से तीन ईडी अधिकारियों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। पश्चिम बंगाल में अराजकता की पराकाष्ठा हो गई है लेकिन देश की जनता सब देख रही है। ममता बनर्जी को जनता से माफी मांगनी चाहिए। अगर वो ऐसा नहीं करती हैं तो जनता से उन्हें ऐसी चोट पड़ेगी कि राजनीति भूल जाएंगी उन्होंने कहा कि इस शर्मनाक घटना के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके साथ जिन अधिकारियों पर हमला हुआ है, उन अफसरों से माफी मांगनी चाहिए। यह देश भारतीयों के लिए है, अवैध घुसपैठियों के लिए नहीं है।

## हमले को लेकर बंगाल में विपक्ष ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



**कोलकाता**
पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के हमले के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। विपक्ष ने जहां राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है वहीं राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संकेत दिया है कि सभी संवैधानिक विकल्पों पर विचार कर उचित कार्रवाई करेंगे। भाजपा ने संदेशखीली में हुई घटना को संघीय ढांचे पर सीधा हमला बताया है जबकि कांग्रेस ने राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।हालांकि, सत्तारूढ़ तृणमूल ने आरोपों को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को उकसाया।

**दिल्ली रिपोर्ट भेज रही है ईडी**
यह घटना तब हुई जब ईडी अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के आवास पर छापेमारी की तब तृणमूल कार्यकताओं ने हमला कर दिया। हमले में ईडी के एक अधिकारी का सिर फट गया है जबकि दो अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट दिल्ली स्थित मुख्यालय में भेजी जा रही है।

## अब तक 91 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक हुई नीलामी: कोयला मंत्रालय

**नई दिल्ली**
देश में तीन साल पहले शुरू वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के तहत अबतक 91 खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। इन आवंटित खदानों में से 6 वाणिज्यिक खदानों ने पहले ही कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया है, जबकि अन्य तीन खदानों में जल्द ही उत्पादन शुरू होने की संभावना है। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि अब तक 91 वाणिज्यिक कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है।

## तेजस्वी यादव के खिलाफ अहमदाबाद में दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में सुनवाई 22 जनवरी तक टली

**नई दिल्ली**
बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ अहमदाबाद में दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में सुनवाई 22 जनवरी तक के लिए टल गई है। तेजस्वी यादव की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने बयान पर सफाई देते हुए हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया।

## हिजबुल आतंकी जावेद मट्टू को 7 दिनों के लिए स्पेशल सेल की हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली**
**दिल्ली के पटियाला** हाउस कोर्ट ने हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े आतंकी जावेद मट्टू को 7 दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में भेज दिया है। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट नबीला वाली ने मट्टू को हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जावेद मट्टू को कोर्ट में पेश करने के बाद 7 दिनों की हिरासत की मांग की। स्पेशल सेल ने कहा कि मट्टू को जांच के लिए अलग-अलग जगह लेकर जाना है। पेशी के दौरान मट्टू की ओर से एफआईआर की प्रति देने की मांग की गई।

## यूपी की सार्वजनिक वितरण प्रणाली आज देश में सबसे उत्कृष्ट: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में खाद्यान्न घोटाला होता था। जनपदों में गरीबों का खाद्यान्न पर डाका डाला जाता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 80000 से अधिक राशन की उचित दर की दुकाने हैं। राज्य में हमारी सरकार बनते ही हमने राशन की सभी दुकानों पर एक साथ छापा मरवाया, जिसमें 30 लाख फर्जी राशन कार्ड मिले। जिनके नाम पर राशन तो निकलता था, लेकिन किसी जरूरतमंद को नहीं मिलता था। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली आज देश में सबसे उत्कृष्ट है। आज प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग राशन की उचित दर की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें बिना किसी घटतौली और देरी के खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। इससे राज्य सरकार को प्रति वर्ष 1200 करोड़ रुपए की बचत हो रही है।

सीएम योगी ने शुक्रवार को आरटीआई भवन में राज्य सूचना आयोग की शिकायतों एवं द्वितीय अपीलों की ई-फाइलिंग एवं ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा के लिए ऑनलाइन पोर्टल (एवं मोबाइल ऐप (कंप्लेंट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम-उ. प्र. स्टेट इन्फॉर्मेशन कमीशन) का शुभारंभ किया।




## हमें पूरा भरोसा, ईवीएम सुरक्षित है', चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोपों पर दिया जवाब

**नई दिल्ली**
**चुनाव आयोग** ने शुक्रवार को ईवीएम और वीवीपैट पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया। चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोपों का खंडन करते कहा कि हमें चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल पर पूरा भरोसा है और ईवीएम एकदम सुरक्षित है।

दरअसल, जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर वीवीपैट के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलने का समय मांगा था।



**जयराम रमेश को आयोग ने दिया जवाब**
कांग्रेस नेता को जवाब देते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि आयोग इस बात पर दृढ़ता से कायम है कि ईवीएम पर सार्वजनिक डोमेन में नया अपडेट सहित पर्याप्त और व्यापक रूप से ईवीएम के इस्तेमाल के सभी उचित और वैध पहलुओं का उत्तर देता है। भारत के चुनावों में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम मशीन भारत सरकार ने न्यायशास्त्र और 40 साल के न्यायिक आदेशों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया था। चुनाव आयोग ने कहा, पहले भी सभी सवालों का जवाब दिया है, जिसमें मशीन में नया अपडेट एफएक्यू, ईवीएम मैनुअल, ईवीएम पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, ईवीएम पर स्थिति पत्र, ईवीएम इकोसिस्टम का कानूनी समर्थन और ईवीएम की विश्वसनीय 40 वर्षों की यात्रा में सुप्रीम कोर्ट और कई हाई कोर्ट के आदेशों के जरिए न्यायिक मान्यता प्राप्त हुई है।" इसके अलावा चुनाव आयोग ने कहा कि जहां तक सवाल वीवीपैट का है तो इसे जोड़ने का फैसला साल 2013 में यूपीए सरकार के दौरान हुआ था।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 50 हजार करोड़ रुपये का होगा कारोबार: कैट



**नई दिल्ली**
अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों जोरों पर हैं। देश-विदेश से अनेक लोगों को इस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भी मिला है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 50 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान जताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड है। मूर्तियों और पूजा सामग्री की डिमांड बढ़ रही है। कैट महामंत्री ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन ने देश में पूजा-पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। राम मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है। खासतौर पर छोटे निमार्ता और लघु व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए व्यापार के अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि देश के विभिन्न शहरों में विशेषकर, घरों से छोटा-मोटा काम करने वाली महिलाओं एवं वंचितों को भी इस आयोजन से रोजगार मिल रहा है। राम मंदिर देश में आर्थिक संपन्नता का एक बड़ा संदेश देगा। राम मंदिर से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने का अनुमान है। तीन जनवरी को नागपुर में हुई कैट की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया था।

## आरबीआई ने केवाईसी के लिए राजनीतिक व्यक्तियों की परिभाषा में किया बदलाव

**मुंबई/नई दिल्ली**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) मानदंडों में कुछ बदलाव किया है। आरबीआई ने अपने मानदंडों के तहत राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों (पीईपी) की परिभाषा बदलने के लिए यह कदम उठाया है। इससे उन्हें कर्ज लेने समेत बैंक से जुड़े अन्य लेन-देन में सहूलियत होगी। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि केवाईसी नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिजर्व बैंक के मुताबिक पीईपी से संबंधित पुराने मानदंड में स्पष्टता की कमी होने से बैंक अधिकारियों, सांसदों और अन्य लोगों को कई बार कर्ज जुटाना और बैंक में खाता खोलना मुश्किल हो रहा था। इस समस्या को देखते हुए राजनीतिक रूप से संबद्ध लोगों के लिए केवाईसी मानक संशोधित किए हैं।

रिजर्व बैंक ने बैंकों और अन्य वित्तीय सेवाओं के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से इन बदलावों को तत्काल लागू करने के लिए कहा है। आरबीआई ने नए नियमों में उस व्यक्ति को भी शामिल किया है, जिसे किसी विदेशी देश ने सार्वजनिक समारोह की जिम्मेदारी सौंपी है। रिजर्व बैंक के संशोधित केवाईसी निर्देशों के तहत पीईपी ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें किसी दूसरे देश ने प्रमुख सार्वजनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें राज्यों या सरकारों के प्रमुख, वरिष्ठ राजनेता, वरिष्ठ सरकारी या न्यायिक या सैन्य अधिकारी, सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों के अधिकारी भी शामिल हैं।

## सीबीआई कोर्ट ने दो आरोपितों पर 1.05 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली**
केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चेन्नई स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने डाकघर जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में तत्कालीन मानकीकृत एजेंसी सिस्टम एजेंट आर अमृतमबल और उसके पति एच नारायण को पांच-पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने इन दोनों आरोपितों पर 1.05 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान उप-डाकघर, तिरुवोट्टियूर, चेन्नई की तत्कालीन मानकीकृत एजेंसी सिस्टम एजेंट आर अमृतमबल पर 1.03 करोड़ रुपये और उनके पति एच नारायण (निजी व्यक्ति) पर 2.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

# 'देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है भारतीय सेना'

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया।

सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री ने फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है।



**सिख रेजिमेंट की शौर्यकला का प्रदर्शन देख सीएम हुए रोमांचित**
पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे। मंख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्राचीन युद्धकला को भारतीय सेना ने अपना हिस्सा बनाकर ना सिर्फ इस शौर्यकला को सम्मान दिया है, बल्कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भारत के युवाओं के सामने रखकर सम्मान देने का कार्य किया है।

**सेना की शक्ति और पराक्रम देखने का अवसर है ये फेस्टिवल**
'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के जरिए ना सिर्फ सेना के साजो-सामान और हथियारों की प्रदर्शनी को देखने का अवसर हमें मिल रहा है, बल्कि इसके जरिए सेना की शक्ति, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की निष्ठा को भी नजदीक से जानने समझने का अवसर मिलेगा।

# युवक की लाठी डंडा लोहे की राड से मार कर हत्या, 6 नामजद, 3 गिरफ्तार

**मऊआइमा के संदलपुर कहली का मामला, जमीन को लेकर चल रहा था विवाद, पूर्व में दे चुके हैं थाने में तहरीर**

**अखंड भारत संदेश**





**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के कहली सादलपुर गांव में गरुवार देर रात एक युवक को लाठी डंडा और लोहे की राड से मार कर हत्या कर दी गई।बीच बचाव करने गए भाई भतीजों को भी पीटा गया। मृतक के भाई ने आधा दर्जन को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कहली सदल पुर गांव निवासी रमेश कुमार यादव उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम-लखन तीन भाईयों में सबसे बडा था तथा अविवाहित था।जबकि दो छोटे भाईयों की शादी हो चुकी है।सभी भाई अपनी माता कमला देवी के साथ रहते हैं। पिता का पूर्व में देहान्त हो चुका है।बताया गया है कि गरुवार देर रात रमेश के घर यह खबर आयी कि गांव के भारत फर्नीचर पर रमेश कुमार यादव को विरोधी लाठी डंडा लोहे की राड से मार रहे हैं। सूचना पर छोटा भाई विपिन कुमार पहुंचा तो उसे भी पीटा गया बीच बचाव में आए भतीजे रवि की बाइक की चाभी छीन लिया गया आरोप है कि मोबाईल से 112 नम्बर फोन करने की कोशिश की गयी तो मोबाइल भी छीन लिया गया। उक्त घटना की सूचना पर पहुंची मऊआइमा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई विपिन कुमार ने मऊआइमा थाने में शुक्रवार को बलराम यादव,विजय उर्फ राही,हरिकरन,,संतरा देवी और हत्या की साज़िश रचने अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार हेमंत कुमार और अभिषेक के खिलाफ हत्या लूट, साजिश रचने आदि की धारा में मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया है कि पुलिस ने हरिकरन, हेमन्त कुमार,विजय उर्फ राही को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या से घर पर कोहराम मचा हुआ था। मृतक की माता का रो रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक रमेश से उनके विपक्षियों से पैसों के लेन देन का मामला अभी तक जांच में आया है। फिलहाल हर स्तर से जांच की जा रही है।

## संस्कृति विभाग के चुने गए आशुतोष मंडल संयोजक एवं विकास जिला संयोजक

**सहसों।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति व हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। जिसको देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक आयोजित कर प्रतापपुर गांव निवासी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी को संस्कृति विभाग का मंडल संयोजक तथा सुप्रसिद्ध गायक व भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक गंगापार विकास इलाहाबादी को संस्कृति विभाग का जिला संयोजक सर्वसम्मति से चुना गया। जिससे लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर युवा कवि धनंजय शाश्वत सहित आदि शुभचिंतकों एवं क्षेत्रीय व्यक्तियों ने बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया।

# बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज में मोबाइल के नाम धांधली

**डिग्री कालेज के कई छात्र छात्राए मोबाइल से रह गए वंचित**

**अखंड भारत संदेश।**



**मांडा।** प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा संचालित यमुनापार क्षेत्र के मांडा चिलबिला में स्थित बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज में मोबाइल फोन के नाम पर जम कर धांधली हो रही हैं। वहीं कालेज के प्रबन्ध तंत्र द्वारा अन्य छात्रों को मोबाइल फोन का डिब्बा पकड़ा कर औपरिकता पूरी की जा रही है।जिससे डिग्री कालेज के कई छात्र छात्राए मोबाइल फोन से वंचित रह गए हैं। शुक्रवार को बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज चिलबिला मांडा में एलएलबी व बीएड के छात्रों का परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व प्रवेश पत्र वितरण के दौरान उक्त कालेज के कर्मचारी विवेक केशरी ने बीए, बीएससी के अन्तिम वर्ष के छात्रों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन के लिए मोबाइल फोन देने की योजना को ठेंगा दिखाते हुए औपचारिकता पूरी किया जा रहा हैं। कालेज के कर्मचारी विवेक केशरी द्वारा अन्य छात्रों को मोबाइल फोन का डिब्बा पकड़ा कर फोटो खींचने पर छात्रों ने जब पूछा तो कर्मचारी ने बताया कि फोटो खिंचवाने से आपको मोबाइल मिलेगा। कालेज के उपरोक्त रवैए से कई छात्र छात्राए मोबाइल फोन से वंचित रह गए हैं। मोबाइल फोन का डिब्बा पकड़ा कर फोटो खींचने की चर्चा कालेज के छात्रों में फैली हुई हैं।




# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये भारत का प्रतिमान स्थापित किया है - नंद गोपाल गुप्ता नंदी

**अधिवक्ता शपथ ग्रहण समारोह में गिनाई सरकार की उपलब्धियां**



करछना प्रयागराज शुक्रवार को तहसील सभागार करछना में पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।उन्होने कहा कि आज सबके साथ,सबके विकास के लिए सभी का विस्वास साथ लेकर चल रहे प्रधानमंत्री नये भारत का प्रतिमान स्थापित कर रहें है। विशिष्ट अतिथि विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद ने कहा कि अधिवक्ता न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है।अपने सम्मान के साथ-साथ आम आदमी के इस विश्वास को भी अधिवक्ता बनाये रहे।अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश विश्वकर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मुजीबर्रहमान उर्फ मीना,अवतार किशन सिंह,महामंत्री कृष्ण कुमार पांडेय,पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशासक ब्रह्म दत्त मिश्रा,कोषाध्यक्ष सत्यदेव पटेल व प्रतीक कुमार शुक्ला,वरिष्ठ कार्यकार्यकारिणी सदस्य सत्य प्रकाश उपाध्याय, रामेश्वर तिवारी,विनोद द्विवेदी, उमाकांत पांडेय,राजेश कुमार व कनिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए लता भारतीया को मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए गये।संचालन केपी सिंह ने किया।इस दौरान अधिवक्ताओं ने अतिथियों का फूल माला से जोरदार स्वागत भी किया। इस मौके पर बडी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हाईवे रोड पर अलाव की व्यवस्था न होने भीषण ठंड में राहगीरों की बढ़ी परेशानी



**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के मेजा, मेजा रोड ,सिरसा ,रामनगर बाजार, सोनार का तारा ,दिघिया, मांडा, मेजा रोड हाइवे पर स्थित चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं हो सकी है जबकि बीते एक सप्ताह से हाड़ कपाने वाली ठंड पड़ रही है लोग शीतलहर से काँप रहे हैं लेकिन उसके बाद भी अलाव की व्यवस्था पर्याप्त नहीं हो सकी है अधिकारी के आवास कार्यालय और उनके सरकारी वाहनों में गरम हीटर लगे हैं जिससे उन्हें विकराल ठंड का एहसास नहीं हो रहा है लेकिन सड़क पर दोपहिया वाहन साइकिल पैदल निकलने वाले लोगों के लिए ठंड जानलेवा साबित हो रही है शुक्रवार को पूरे दिन सूर्य नारायण के दर्शन नहीं हुआ है आसमान से पूरे दिन हल्की बूंदे पड़ती रही है । प्रयागराज जिले के आला अधिकारियों से ठंड से बचाने की जनता ने कई बार मांग की लेकिन गांव क्षेत्र में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है जनपद प्रयागराज के मेजा क्षेत्र के चौराहे व हाइवे किनारे बसे ग्राम पंचायत कई गांव में ठंड से गरीब कमजोर मजलूम आम जनमानस ठिठुर रहे है जिले के आला अधिकारियों से जनता ने गुहार लगाई है जनता द्वारा एस डी एम से बात करने पर अलाव की जल्द व्यवस्था करने का अश्वासन दिया है आखिर ठंड से ठिठुर रही व परेशान हो रही जनता को कब राहत मिले।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित हर घर पूजित अक्षत कार्यक्रम सम्पन्न



**मांडा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित हर घर पूजित अक्षत कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने अपने ग्राम पंचायत तिसेन में घर घर जाकर अक्षत वितरण किए। भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सब लोगो के आराध्य है , हम सब सभी राम भक्तो के लिए 22 जनवरी का दिन जीवन के सबसे खुशी का दिन होगा। जब अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के लिए आप सब क्षेत्र वासियों से हम सब लोग आग्रह करने आए हैं कि 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दिवाली त्योहार जैसा मनाए। वहीं जिला कार्यवाहक महेंद्र प्रजापति ने कहा कि हम सभी सनातन धर्म के लोग अपने आराध्य के प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर आप सब लोग अपने गांव के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के समय कीर्तन करे ।इस अवसर पर खंड कार्यवाहक आशीष , जिला महामंत्री भाजपा विक्रमादित्य मौर्य, लाल मणि कुशवाहा, रविन्द्र शुक्ल ग्राम प्रधान तिसेन, राम बली मौर्य, सर्वेश , शिवम ,विपिन कुमार, शिव दास, हरी कांत , दीप चंद पटेल, विपिन पांडेय,कृपा शंकर मिश्र, राजेंद्र शुक्ल, विंध्यवासिनी पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जय श्रीराम के जयकारे के साथ राचनपुर बघेड़ी में अक्षत वितरण कार्यक्रम



**जंघई।** प्रखंड प्रतापपुर के राचनपुर, बघेड़ी गांव में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम से पूजित अक्षत, कलश यात्रा निकाल कर प्रत्येक परिवार में अक्षत वितरण किया गया। जय श्रीराम के जयकारे के साथ अक्षत वितरण कार्यक्रम किया गया। राचनपुर बघेड़ी ग्राम सभा अक्षत वितरण कार्यक्रम में प्रतापपुर खंड संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हृदयनारायण मिश्र के नेतृत्व में खंड प्रचारक उदयवीर, खंड शारीरिक प्रमुख आशीष, रोहन शुक्ला विहिप, कैलाश शुक्ला, वितरण टोली में राजेंद्र प्रसाद मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, आशीष मिश्र, तीर्थराज दुबे, बबलू मिश्र, हरिश्चंद्र यादव, अंकित दुबे आदि कार्यकताओं ने हर घर अक्षत वितरण करते हुए, हर घर अयोध्या, हर मंदिर को राम मंदिर बनाने का आग्रह किया।

### विकसित भारत कार्यक्रम के साथ मनाया गया कल्याण सिंह की जयंती



**सहसों।** विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सभा कोंड़रु में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन में लगे एलईडी डिजिटल पर्दे पर सरकार द्वारा देश के विकास के लिए चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दिखाया व बताया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं द्वारा हिंदू हृदय सम्राट, राम मंदिर निर्माण के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को उनके जयंती पर उन्हें याद करते हुए शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन के साथ याद कर जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह तथा मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज ने उपस्थित लोगों को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के जीवन पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, अरविंद तिवारी, नरेंद्र कुशवाहा, संतोष सिंह, राजेश सरोज, रंजन तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश दुबे, रामसागर, ललिता देवी, अंकित सरोज, सुनील कुमार पटेल, प्रदीप सिंह, शिव शंकर दुबे, नंदलाल सहित आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उपस्थित रहे।

# मिलता है सच्चा सुख केवल भगवान तुम्हारे चरणों में



**सहसों।** श्री रामचरितमानस सेवा समिति सहसों के तत्वाधान में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास मां शारदा धाम मैहर से पधारीं महामंडलेश्वर साध्वी माता अन्नपूर्णा के अमृतमयी वाणी से भक्त और भगवान के संबंध का सुंदर प्रसंग की कथा सुनकर कथा रसिक श्रोता नर नारियों ने भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि यह संसार जीव के लिए दुखालय है जिसमें मनुष्य सुख के चक्कर में दुःख के दलदल में फंसता चला जाता है। परंतु सुख तो केवल प्रभु के भजन में ही है। कथा व्यास ने कथा के दौरान भक्त मनु शतरूपा, भक्त उत्तानपाद, भक्त सेबरी, भक्त नारद, भक्त हनुमान, भक्त भरत, भक्त प्रहलाद, भक्त ध्रुव एवं भक्त विदुर एवं विदुरानी की प्रभु के प्रति अनन्य भक्ति का सुंदर सा प्रसंग का श्रवण कराते हुए कहा ₹दुर्योधन घर मेवा त्यागो साग विदुर घर खाय₹ कथा व्यास ने कहा इस मानव जीवन में सच्चा सुख, सच्ची शांति केवल भगवान के भजन में ही है। जीवन में यदि अभाव बना रहेगा तभी भगवान की भक्ति एवं भजन में लीन होने का स्वभाव बनेगा। इसलिए कथा प्रेमियों जीवन में अनुराग लाकर संत के साथ सत्संग करना पड़ेगा तभी भगवान के प्रति अनुराग बढ़ेगा। जब तक जीवन में अनुराग नहीं बढ़ेगा तब तक भजन का भाव नहीं बनेगा। बिना अनुराग के बिना भक्ति भजन के जीव का मुक्ति का मार्ग प्रशस्त नहीं होगा। कथा व्यास द्वारा ₹मिलता है सच्चा सुख केवल भगवान तुम्हारे चरणों में₹ एवं ₹जीवन है तेरे हवाले मुरलिया वाले₹ सुंदर भजन सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्र मुग्ध होते हुए झूम उठे और पूरा पंडाल राम में हो गया। कथा विश्राम पर श्री रामचरितमानस सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी तथा सूर्यकांत त्रिपाठी सहित आदि श्रोता भक्तों ने व्यास पीठ, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान एवं मानस भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस मौके पर पार्षद सियाराम मौर्य, सत्यम केसरवानी, जय किशन सोनी, रामबाबू केसरवानी, नितिन तिवारी, अनुज कुमार मिश्रा, रामप्रसाद केसरवानी, उमेश कुमार केसरवानी, पिंटू केसरवानी, विमल कुमार शुक्ला, रामजी बिन्द, राज कुमार सिंह परिहार, विजय कुमार तिवारी एवं विमल कुमार गुप्ता, मनोज तिवारी सहित आदि श्रद्धालु कथा प्रेमी श्रोता कथा का रसपान करते मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर्व को दीपोत्सव की भांति मनाएं - योगेश शुक्ल

**टिसेनपुर गांव में घर घर वितरित किया गया पूजित अक्षत मंदिरों में कीर्तन आयोजित करने की किया अपील**



**मेजा।** प्रभु श्रीराम हम सभी आराध्य हैं हम सब राम भक्तों के लिए 22 जनवरी का दिन जीवन के सबसे खुशी का दिन होगा जब अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर्व को अपने अपने घरों में भजन कीर्तन का आयोजन कर दीपोत्सव के रूप में मनाएं। उक्त उदगार भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने शुक्रवार को स्वयं के गांव टिसेनपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित हर घर पूजित अक्षत कार्यक्रम के तहत घर घर अक्षत वितरण करने के दौरान ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सब क्षेत्र वासियों हम सभी लोग यह आग्रह करने आए हैं कि 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दिवाली त्योहार जैसा प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर्व को मनाएं साथ ही साथ अपने आस पास स्थित मंदिरों तथा घरों में अपने आराध्य के भजन कीर्तन का आयोजन पूरी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से करें क्योंकि 22 जनवरी का दिन हम सबके जीवन का सबसे बड़ी खुशी का दिन होगा। इसी क्रम में जिला कार्यवाहक महेंद्र जी कहा कि हम सभी सनातन धर्म के लोग अपने आराध्य के प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर आप सब लोग पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रभु श्रीराम के स्थापना पर्व को मनाएं मंदिरों में कीर्तन का आयोजन कर आराध्य श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर्व को ऐतिहासिक बनाएं। इस मौके पर मांडवी शरण द्विवेदी आशीष विक्रमादित्य मौर्य लालमणि कुशवाहा प्रधान टिसेन रविन्द्र शुक्ल रामबली मौर्य सर्वेश शिवम विपिन कुमार शिवदास हरिकांत दीप चंद्र पटेल विपिन पांडेय कृपाशंकर मिश्र राजेन्द्र शुक्ल तथा विंध्यवासिनी पांडेय आदि के अलावा सैकड़ों रामभक्त भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का जन्म जयंती कार्यक्रम



**सिरसा** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा रामनगर शंकर लाल केशरी पूर्व सदस्य प्रदेश समिति भाजपा के आवास पर संजय केशरी मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह का जन्म जयंती कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा के शंकर लाल केशरी पूर्व सदस्य प्रदेश समिति ने कल्याण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। इन्होंने कहा कि बड़े हर्ष का विषय हैं हम ऐसे महापुरुष की जयंती मना रहे है जिन्होंने प्रभु श्रीराम के लिए राम जन्मभूमि में भव्य मन्दिर निर्माण को मुख्यमंत्री की कुर्सी त्याग दी थी। वे भारतीय राजनीतिज्ञ थे राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रह चुके हैं। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे और दोन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। विवादित बाबरी मस्जिद विंध्वस होने के समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह लोधी ने उत्तर प्रदेश के लोग कल्याण सिंह जी को प्यार से बाबूजी पुकारते थे। और उन्हें 26 अगस्त 2014 को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता के रूप में जाना जाता था। उन्हें वर्ष 2022 में भारत का दूसरा सर्वोच्च पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का 21 अगस्त 2021 को लखनऊ में उनकी मृत्यु हो गई। वे बहुत विद्वान और सूझबूझ के नेता बठे। इसी कड़ी में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी का जन्मदिन मनाया गया। जोशी ने प्रयागराज व कानपुर के विकास के लिए सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमाशंकर त्रिपाठी गाँधी जी, राजेश गौतम शिक्षा मित्र संघ अध्यक्ष, सुधाकर पांडेय, बृजेश मिश्रा, आर्यन मिश्रा, रंजीत सिंह, कुलदीप मिश्रा, जयकुमार गुप्ता, शुभम गुप्ता और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वारी में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का जन्मदिन मनाया गया



**जंघई।** पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह का जन्मदिन वारी में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करके मनाया गया। मूल रूप से अलीगढ़ जनपद के अतरौली तहसील के गांव मढ़ौली गांव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे कल्याण सिंह प्रदेश की राजनीति के शिखर पर पहुंचे। बचपन से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखाओं में जाते थे। उच्च शिक्षा हासिल कर अतरौली के एक इंटर कॉलेज में अध्यापक बने। 1967 में पहली बार अतरौली से विधायक बने और 1980 तक लगातार जीते। आपातकाल में 21 महीने तक अलीगढ़ व बनारस की जेल में रहे जनसंघ से भाजपा के गठन के बाद प्रदेश संगठन महामंत्री व प्रदेशाध्यक्ष तक बनाए गए। इस दौरान गांव-गांव घूमकर भाजपा की जड़ें मजबूत कीं। अब विशाल वट वृक्ष बन चुकी इस पार्टी को कल्याण सिंह व उनके सहयोगियों ने ही शुरूआती दिनों में सींचा था, जब देश में भाजपा का उभार हुआ तो 1991 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो वे मुख्यमंत्री बने। कल्याण सिंह के साथ काम कर चुके लोग बताते हैं कि उन्होंने भाजपा को खड़ा करने में दिन रात एक किया। अयोध्या में कार सेवकों पर गोली चलवाने से इंकार कर दिया विवादित ढांचे के विध्वंस की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद को ठोकर मार दी और कहा कि राम मंदिर के लिए एक नहीं सैकड़ों सत्ता कुर्बान हैं। हालांकि, अयोध्या के निमार्णाधीन मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करने की उनकी इच्छा अधूरी रह गई। 89 वर्ष की उम्र में 21 अगस्त 2021 की देर शाम बीमारी के चलते उनका लखनऊ में देहांत हो गया। वारी में कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों मे मदनलाल बिंद पूर्व राज्यमंत्री, विमलेश पटेल, संदीप गुप्ता, आशुतोष पांडेय, साहब लाल, उदयराज प्रधान वारी, बबलू सिंह, राजा मौर्य, कल्लू चौहान, मुन्ना सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# भरद्वाज आश्रम के विस्तार के लिए मकानों पर चला बुलडोजर, मचा रहा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बालसन चौराहे पर स्थित भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तारीकरण के लिए पार्क के आसपास के मकानों के ध्वस्तीकरण का कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया। सर्वे में विस्तारीकरण की जद में कुल 37 मकान आ रहे थे। इन मकानों के स्वामियों को नोटिस जारी कर स्वयं से मकान ध्वस्त कर स्थान खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित अवधि में स्थान न खाली करने पर पीडीए ने ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिया। इससे हड़कंप मचा रहा। लोगों ने पीडीए पर मनमानी का आरोप लगाया। ऐहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही।भरद्वाज आश्रम के विस्तार के लिए सर्वे में कुल 37 मकान दायरे में आए थे। इनको नोटिस जारी किया गया था। शुक्रवार को पीडीए ने मकानों के ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिया। ध्वस्तीकरण में कई मकानों के नीचे मंदिर मिले। ऊपर मकान और नीचे मंदिर मिलने से लोग स्तब्ध रह गए। मकान टूटने पुरजोर





विरोध भी किया गया। प्रभावित गृह स्वामियों का कहना है कि उनका मकान यहां पर 200 साल से है। पीडीए मनमानी कर रहा है। भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तारीकरण के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की तरफ से काफी समय से तैयारियां की जा रही हैं। प्राधिकरण की तरफ से इसके लिए सर्वे का कार्य भी किया गया था। चौड़ीकरण की जद में आने वाले मकानों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया गया था।

## फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान की होगी स्थापना

भारद्वाज आश्रम परिसर के विस्तार के साथ ही अब वहां पर फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी होगी। विस्तार की जद में आने वाले 37 भवनों पर जल्द बुलडोजर चलेगा। पीडीए पहले ही इन भवनों को तोड़ने का आदेश जारी कर चुका है। जिसके बाद भवन स्वामी पीडीए का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन उनको निराशा ही हाथ लगी। कुंभ 2025 के पहले भारद्वाज मुनि आश्रम के विस्तार को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही थीं। विस्तार के क्षेत्र में आने वाले 37 भवन स्वामियों को पीडीए की तरफ से पिछले साल नवंबर में ही नोटिस जारी किया था। इसमें से कुछ भवन स्वामियों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे। इसके बाद भवन स्वामियों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकने लगी। लूकरगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना का लोकार्पण करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में आश्रम के पास ही फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाने की घोषणा की थी।


## अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा हेतु 108 पूजित कलशों का संगम जल अयोध्या प्रस्थान



**प्रयागराज।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा के लिए प्रयागराज संगम से 108 धातुमय कलशों में संगम त्रिवेणी का जल विहिप के तत्वावधान एवं आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक के संयोजन में पूज्य संतों, संगठन के पदाधिकारियों तथा भक्तों के साथ प्रयाग के विद्वानों द्वारा विधि विधान से पूजित करके अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया। यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह व्याप्त है, अतः रथ एवं सम्मिलित संतों का भक्तों द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में सोरांव, मऊआइमा, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर में भी आरएसएस, विहिप एवं आम भक्तों द्वारा रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया सुदर्शन शरण महाराज चाणक्य पीठाधीश्वर संस्थापक परशुराम अखाड़ा, महंथ 108 चन्द्रमादास महाराज, महंथ 108 भूपेन्द्र दास पुत्तन महाराज, महंथ 108 जितेन्द्रदास महाराज, महंथ 108 अनंतदास महाराज, केपी सिंह पूर्व आइजी प्रांत अध्यक्ष काशी प्रांत, नितिन प्रांत संगठन मंत्री काशी प्रांत, प्राणनाथ मिश्रा जिला धमार्चार्य प्रमुख गंगापार प्रयागराज, सत्येंद्र मणि शुक्ल विभाग संस्कृति प्रमुख प्रयागराज, तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी, दासानुदास अजय महाराज, आचार्य चंद्रभूषण तिवारी, आलोक द्विवेदी, अनिल दुबे, आचार्य सूर्यकांत तिवारी, एडवोकेट अनिल दुबे, संतोष तिवारी, मनोज शुक्ल, सुखेन्द्र मिश्र, कुलभूषण, कौशल वैदिक, विष्णु पाण्डेय, आचार्य अंकित तिवारी आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष भक्तगण शामिल रहे।

# दो दिन के अंतराल के बाद फिर हुई झमाझम बारिश, ठंड से कांपे लोग

**प्रयागराज।** दो दिनों की अंतराल के बाद शुक्रवार को शहर में फिर झमाझम बारिश हुई। बुधवार को बारिश के बाद दो दिनों तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए हैं। ठंड और शीतलहर के चलते लोग घरों में दुबकने के लिए विवश हैं। शुक्रवार को शाम चार बजे के करीब अचानक काले बादलों के घने अंधेरे के बीच आधे घंटे तक झमाझम बरसात हुई। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों और गलियों में कीचड़ भर गया। लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। शुक्रवार को भी पूरे दिन आसमान में बादलों का डेरा रहा। दिन में धुंध और दृश्यता कम होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाम को जमकर बरसात से ठंड और बढ़ गई है। पूरे दिन लोगों को गलन और धुंध का सामना करना पड़ा। सुबह से कोहरे की चादर ने पूरे जिले को अपनी गिरफ्त में ले लिया था। लोग ठिठुरते रहे। दिन का तापमान 18.2 दर्ज किया गया। रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। रात में पारा 14.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान इविवि के डॉ.



शैलेंद्र राय ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से उठ रही नम हवाओं और पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के आपस में टकराने से यूपी और मध्य प्रदेश में ऐसी स्थिति बनी हुई है। हालांकि, शनिवार से मौसम साफ रहने की उम्मीद है। साथ ही आने वाले तीन दिनों के अंदर कोहरे से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी।

## कई इलाकों में कागजों पर जल रहे अलाव

सर्द हवाओं के कहर से शहरियों को बचाने के लिए नगर निगम की तरफ से अलावा जलाने का लगातार दावा किया जा रहा है। नगर निगम की नियमित रिपोर्ट के हिसाब से शहर में अलाव जलाने के स्थानों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। हालांकि, इन दावों की पोल संबंधित इलाकों के निवासी खोल रहे हैं। करेलाबाग स्थित लाल कालोनी में शनि मंदिर के पास हर वर्ष निगम की तरफ से अलाव नगर जलाया जाता रहा है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। जबकि नगर निगम की तरफ से जिन स्थानों पर अलाव जलाने का दावा किया गया उसमें यह स्थान भी शामिल है। इसी प्रकार के शहर के अलग-अलग वार्डों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। जबकि नगर निगम का दावा है कि में कुल 458 स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। हर साल नगर निगम की तरफ से अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा एक दिन भी नहीं हुआ। उसके बाद भी उनकी सूची में इस स्थान पर अलाव जलाने का दावा किया जा रहा है। **- मोहित यादव**

पिछले कुछ दिनों से भीषण ठंड पड़ने के बाद भी शनि मंदिर के पास अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है। अलाव के जरिए सामान्य लोगों के साथ ही सड़क पर घूमने वाले पशुओं को भी राहत मिलती है। - हिमांशु श्रीवास्तव

- अलाव जलाने के लिए लगातार निगम के कर्मचारियों से अनुरोध किया जा रहा है, उसके बाद भी अभी तक अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं हो सकी है। जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। **- राहुल यादव**

## गिरते भू-जलस्तर का कारण एवं निवारण पर संगोष्ठी रविवार 7 जनवरी को

**शंकरगढ़** वर्तमान में यमुनापार के अधिकांश नागरिकों को पेयजल संकट से गुजरना पडता है। इसी परिपेक्ष्य में सामाजिक परिचर्चा हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष, पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्राकृतिक असंतुलन एवं मानवीय कुप्रबन्धन के कारण गिरते भू-गर्भ जलस्तर के कारण समाज का हर तबका वर्षों से प्रभावित हो रहा है। ऐसे मे समाज की सामूहिक जिम्मेवारी है कि गिरते भूमि जलस्तर के कारण एवं निवारण पर विचार मंथन के बाद समाज एवं सरकार की संयुक्त भागीदारी से सम्यक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित किया जाना समीचीन होगा।यमुनापार विकास समिति द्वारा इसी परिप्रेक्ष्य में शंकरगढ़ स्थित रामा रिसॉर्ट गेस्ट हाउस में 7 जनवरी रविवार को मध्यान्ह 12 बजे आयोजित संगोष्ठी में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जागरूक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है।



# मंडलायुक्त ने मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला की तैयारी की समीक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग तथा जल निगम के संबंधित अधिकारियों को सभी शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण से पहले उन्होंने मेला कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

## ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, शिकायती पत्रों का हुआ तत्काल निस्तारण




**सोरांव।** जन समस्याओं का निराकरण एवम पारदर्शिता सरकार की प्राथमिकता है। इसी बात को लेकर 23 दिसंबर 2022 से सरकार ने सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम्य विकास के अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र से जुड़े ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की विकास से जुड़ी हर समस्या को मौके पर ही पारदर्शिता पूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत यूसूफपुर के ग्राम सचिवालय पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीओ कापरेटिव आलोक कटियार ने किया। जिसमें साफ सफाई, शौचालय, आवास, समूह, पेंशन, मनरेगा से कराए गए कार्य का सत्यापन,15 वें वित्त से कराए गए कार्य का सत्यापन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, शौचालय, नाली, खड़ंजा आदि के विषय पर चर्चा की गई। इस चौपाल में तीन शिकायती पत्र ग्रामीणों द्वारा दी गई। और सभी शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी ऋतु प्रिया , ग्राम प्रधान मोहम्मद इसरार अली, सफाई कर्मी गिरीश कुमार अकेला,पंचायत सहायक अंजली पटेल, आशा रीना श्रीवास्तव, धर्मराज पटेल,दीपक पटेल संग ग्रामीण मौजूद रहे।

## शनिवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश करेंगे कर्मवीरों का सम्मान

**करछना।** तहसील क्षेत्र के ताला भगनपुर गांव में शनिवार की दोपहर 12 बजे कर्मवीरों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के न्यायाधीश सलिल कुमार राय होंगे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुधीर शर्मा होंगे कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी संदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान तिवारी बंधु की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ही समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों, समाजसेवियों व अन्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गरीबों जरूरतमंदों को कंबल बांटे जाएंगे। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शिव प्रसाद शर्मा नेताजी ने स्थानीय लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुक्तेश्वर सिंह ( मंटू ) विनय सिंह दादू प्रधान आदि भी मौजूद रहेंगे।

## अधेड़ बाइक चालक को अनियंत्रित पिकअप ने रौंदा मौत

कोरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कोरांव अंतर्गत लेड़ियारी रोड स्थित जायसवाल पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को दोपहर में पिक अप व बाइक की आमने सामने भिड़ंत में अधेड़ बाइक चालक की मौत हो गई और सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खजुरी कला गांव निवासी लक्ष्मण सिंह कुशवाहा (50 वर्ष) पुत्र काशी नाथ कुशवाहा खेती के काम के साथ गांव स्थित विकास टेन्ट हाउस में काम करके परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार को लक्ष्मण सिंह किसी काम को लेकर बाइक से कोरांव बाजार गया था जहां से वापस होते वक़्त समय लगभग दोपहर 12:00 बजे जायसवाल पेट्रोल पंप के पास सामने से अनियंत्रित गति में आ रही धान लदी पिक अप संख्या यूपी 70 ईटी 8772 ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे लक्ष्मण सिंह कुशवाहा गंभीर रूप से चोटहिल हो गये और पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। घटना की खबर मिलते ही कोरांव पुलिस आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंच गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण सिंह को सीएचसी कोरांव पहुंचायी व आरोपी पिक अप को अपने कब्जे में लिया। सीएचसी में डाक्टरों द्वारा परीक्षण किए जाने के बाद लक्ष्मण सिंह को मृत घोषित कर दिया गया जहां पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चलें कि मृतक को केवल तीन पुत्रियां हैं जिसमें बड़ी बेटी पूजा (21 वर्ष) की शादी हो चुकी है और काजल (18 वर्ष) व मधू (10 वर्ष) अविवाहित हैं। घटना के बाद मृतक की पत्नी मंजू देवी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल देखा गया। फिलहाल इस वक़्त सड़कों पर फरार्टा भरने वाले ओवरलोड वाहनों से सावधानी अपेक्षित है जो किसी भी समय किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने में तुले हुए हैं और जिम्मेदारों द्वारा कोई अंकुश लगाया जाता नहीं देखा जा रहा है।

### ईट उतारने से मना करने पर युवती के ऊपर चढ़ा दिया ट्रैक्टर, गंभीर रूप से हुई घायल



**मऊआइमा।** घर के सामने ईट उतारने से मना करने पर विपक्षी ट्रैक्टर की स्टेरिंग लेकर युवती के ऊपर चढा दिया जिससे युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया गेंदा निवासनीय जमुना देवी पुत्री राम प्रसाद का आरोप है कि उसके दरवाजे पर विपक्षी ट्रैक्टर से ईट गिरा रहे थे।मना करने पर ट्रैक्टर चालक को हटा कर उसके विपक्षी सूरज कुमार ट्रैक्टर चढा दिया। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने जमुना देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करा कर सूरज,प्रीती,मीरा, नन्दलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### दुर्घटना में घायल गोवंश को डाक्टरों की टीम ने किया इलाज



**सोरांव।** इलाके के मेवालाल इंटर कॉलेज के सामने प्रयागराज- फैजाबाद मार्ग पर गुरुवार की रात किसी अज्ञात वाहन ने एक गौवंश को टक्कर मार दिया। जिससे गौवंश बुरी तरह घायल होकर सड़क पर तड़प रहा था। गुरुवार की सुबह लोगों द्वारा जैसे ही जानकारी इंचार्ज राजकीय पशु चिकित्साधिकारी सोराव डॉक्टर उदय नारायण पटेल को हुई तो तत्काल सूचना पशु चिकित्सालय में तैनात जिम्मेदार फार्मासिस्ट डॉक्टर अमृतलाल को दिए। तत्काल प्रभाव से फार्मासिस्ट ने घायल गोवंश को गाड़ी से घायल गोवंश को अस्थाई गो आश्रय स्थल सोरांव भेजवाया। तथा पशुधन प्रसार अधिकारी डॉक्टर सुभाष चंद्र व सहायक सदाकांत भारतीय को इलाज के लिए भेज दिए। मौके पर उक्त डॉक्टरों की टीम ने गौशाला में जाकर घायल गोवंश का मरहम पट्टी व इलाज किया। साथ ही साथ गौशाला में सभी गौवंश का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार सहित गो पालक मौजूद रहे।

### महापौर का जन्मदिन सोमेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मनाया गया



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के द्वारा महापौर गणेश केसरवानी के जन्मदिन के अवसर पर अरैल स्थित सोमेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भोलेनाथ के दरबार में दीघार्यु,स्वास्थ्य होने की कामना करते हुए भाजपा नैनी प्रयागराज के कार्यकताओं मे प्रमुख रूप से पार्षद मयंक यादव, जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव, काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरदार पतविंदर सिंह, राकेश देवरक, महानगर कार्य समिति सदस्य नितिन केसरवानी बबलू, दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संयोजक सुनील विश्वकर्मा, महामंत्री उमेश सेन, नीरज शर्मा मंडल अध्यक्ष, महेश केसरवानी, विद्वान पंडितों के द्वारा महंत कार्तिकेय पुरी के नेतृत्व में आचार्य धीरज तिवारी, हर्ष गौड,भरत पांडे, सानू पुरी आदि रहे।

### तहसील प्रशासन ने गरीब असहयों में बांटे कंबल



**कोरांव।** कड़ाके के ठंड को देखते हुए गरीबों व असहायो में तहसील प्रशासन की ओर से तहसील परिसर में शुक्रवार को कंबल वितरण किया गया। शरद हवाओं के चलते लोगों का जीना हुआ मोहाल देख ठंड से बचाव के लिए कोराँव तहसील में तैनात एसडीएम ए इनाश यादव और तहसीलदार अजय संतोषी तहसील परिसर में गरीब असहायो को कंबल वितरण किया कंबल पाकर गरीब लोग काफी खुश नजर आए।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं बच्चों के मानक के अनुसार होनी चाहिए : मण्डलायुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में कन्वर्जेन्स विभागों के साथ मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में एक दिवसीय मण्डलीय गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को संगम सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर गोष्ठी में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र (ए0एन0एम0) की व्यवस्था मजबूत करने से समाज का संपूर्ण विकास हो सकता है तथा इससे राष्ट्र सुदृढ़ एवं विकास की ओर अग्रसर हो जायेगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों के कायाकल्प किये जाने में सभी कन्वर्जेन्स विभागों की महती भूमिका है विशेषकर पंचायती राज, बेसिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग। अतः पंचायती राज के वित्त का उपयोग कर बेहतर ढ़ांचा विकसित किया जा सकता है। इसी प्रकार

**मण्डलायुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में कन्वर्जेन्स विभागों से सम्बंधित एक दिवसीय मण्डलीय गोष्ठी का दीपप्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ, गोष्ठी में दो बच्चों का कराया अन्न प्राशन एवं तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की**



विद्युत, पेयजल का भी इन्फ्रास्ट्रक्चर ठीक किये जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए बाल विकास विभाग के अधिकारीगण का रोल महत्वपूर्ण है तथा सम्पूर्ण कायाकल्प के लिए जिले के मुख्य विकास अधिकारी को इसकी सत्त समीक्षा एवं विकास कराने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका आंगनबाड़ी बच्चों के लिए मां एवं शिक्षक दोनों की भूमिका का निर्वहन करती है, इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका अच्छे ढंग से प्रशिक्षित होनी चाहिए, जिससे वे वहां पर पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार प्रदान कर सकेगी। गोष्ठी में 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 2 बच्चों का अन्नप्राशन मण्डलायुक्त द्वारा किया गया।कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यकता एवं चुनौतियों पर विस्तार से शासन द्वारा नामित उपनिदेशक जफर खान द्वारा प्रकाश डाला गया। कायाकल्प के लिए निर्गत शासनादेशों एवं विद्युत संयोजन व पेयजल के मद में बजटीय प्रावधानों का निर्धारित अंश का उल्लेख करते हुए इनके उपयोग करने हेतु पंचायती राज एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। गोष्ठी में यूनीसेफ के स्टेट कन्सलटेंट शशि मोहन उप्रेती द्वारा कायाकल्प, लर्निंग लैब आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल मैत्रिक शौचालय, कक्ष की लम्बाई-चैड़ाई ,रसोई घर, शौचालय शीट की ऊंचाई एवं आकार, किचेन, सिंक, पेयजल हेतु उपलब्ध टैप (नल) की ऊंचाई आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों की ऊंचाई के सापेक्ष उसके निर्माण पर जोर दिया गया एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा कतिपय बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं ने क्रास प्रश्न पूछकर गोष्ठी को बहुआयामी बना दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर, जिला विकास अधिकारी प्रयागराज, जिला विकास अधिकारी कौशाम्बी, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज, जिला कार्यक्रम अधिकारी फतेहपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी कौशाम्बी, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतापगढ़ एवं कन्वर्जेंस विभाग यथा-पंचायतीराज, स्वास्थ्य विभाग एवं बेसिक शिक्षा के अधिकारी व मण्डल के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी उपस्थित रहे। अन्त में दिनेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज के द्वारा गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी का समापन किया गया।

# बीजेपी सरकार में किसान, छात्र, महिला वर्ग परेशानः डा0 राजपाल

## सपा कार्यालय पर आयोजित हुआ पीडीए बूथ पंचायत प्रशिक्षण शिविर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष पाल द्वारा आयोजित पीडीए बूथ पंचायत प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उ.प्र./पूर्व एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर चन्द्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे।

डा. राजपाल कश्यप ने कहा कि पीडीए हटायेगा एनडीए को बीजेपी जातीय जनगणना नहीं करा रही है। आरक्षण खत्म कर रही है। बीजेपी सरकार में किसान, छात्र, नौजवान, महिला सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ विधानसभा व ब्लाक तथा बूथों पर पीडीए पंचायतों के माध्यम से समाजवादी नीतियों को बताने का कार्य करेगा। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी डॉ एसपी सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, विजय यादव, अब्दुल कादिर जिलानी, आशुतोष पाण्डेय, विशाल मौर्या, विपिन पाल, राजकुमार विश्वकर्मा, सौरभ पाल, कन्हई गुप्ता, रामसजीवन शर्मा, रोहित विश्वकर्मा, जियाउल इसहाक, शिवप्रकाश प्रजापति, सुनील पुष्पाकर, गंगादीन भुर्जी, राहुल प्रजापति, गीता यादव, शान्ति सिंह, शबनम बानो, उर्मिला यादव, राजू यादव, इमरान खान, रामखेलावन यादव, निसार अहमद, युनुस मंसूरी, केके पाल, डाक्टर एजाज रामधन यादव, अहमद अली, अमीरूल हक, गोविन्द बिंद, अरूण पाल, रईस अहमद, रमाशंकर यादव, जियालाल पटेल, वकार अहमद जावेद खान, रामबहादुर पटेल, सहित अन्य नेतागण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि।

# पूर्व मंत्री मोती सिंह के आवास पर लगा मंत्रियों व नेताओं का जमावड़ा

### विधान परिषद सभापति के अलावा कई मंत्री व विधायक भी पहुंचे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के आवास पर आज मंत्रियों, विधायकों व नेताओं का जमघट देखने को मिला। सभी मोती सिंह के बडे.भाई बडेलाल सिंह के तेरहवीं कार्यक्रम में भाग लेने के लिये खराब मौसम में भी आए थे।

शुक्रवार को द्वितीय बेला में विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्रियों में रवीन्द्र जायसवाल स्टाम्प मंत्री के अलावा मंत्री गिरीश यादव, मनोहरलाल कोरी, मनु कोरी, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह सहित भाजपा के सभी बडे. और छोटे नेताओं तथा पट्टी क्षेत्र से आए हजारों कार्यकर्ता थे। बता दें कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी हेलीकाप्टर से पूर्वान्ह में साढे. ग्यारह बजे प्रतापगढ़ आकर मोती सिंह के यहां पहुंचना था लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकाप्टर नहीं उड़ सका और उन्होंने फोन पर इस पर खेद जताया। खास बात यह थी कि खराब मौसम की वजह से बहुत सारे लोग दोपहर में ही पूर्व मंत्री के आवास पर पहुंच गये थे। मंत्रियों और नेताओं के जमघट को देखते हुए प्रशासन भी एलर्ट रहा। बड़ी संख्या में पुलिस शहर की मुख्य सड़कों, चैराहों व मोती सिंह के घर के पास चैकसी रही।



मोती सिंह के आवास पर मौजूद सभापति व मंत्रीगण।



हाईवे पर बुल्डोजर से अवैध कब्जा हटाते नगर पालिका कर्मी।

# हाईवे पर चिलबिला में चला बुल्डोजर

## अवैध कब्जे को बुल्डोजर से ढहाया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर चिलबिला में नगर पालिका की जमीन पर हुए अवैध कब्जे पर देर शाम एसडीएम सदर उदयभान सिंह ने बुल्डोजर चलवाकर ढहवा दिया। बुल्डोजर चलने से चिलबिला में हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि शाम लगभग पांच बजे एसडीएम सदर उदयभान सिंह, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील अपनी टीम के साथ चिलबिला पहुंचे तथा हाईवे किनारे की कीमती जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा किये गये अवैध कब्जे पर बुल्डोजर चलवा दिया। लगभग ढाई घंटे तक चली इस कार्यवाही में अवैध कब्जा भरभराकर गिर गया। प्रशासन की इस सख्ती से चिलबिला में देर रात तक हड़कंप रहा। प्रशासन नगर पालिका या अन्य सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है और अवैध कब्जेदारों पर नजर रखी जा रही है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिये हैं जिसके तहत नगर पालिका आगे भी इस तरह की कार्यवाही अवैध कब्जा धारकों पर करेगी।

# सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा की गारंटी वैन पहुंच रही गांव-गांव

## ब्लाक कालाकांकर के संग्रामपुर व ऐंठू में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर के संग्रामपुर व ऐठू गांव मे शुक्रवार को हमारा संकल्प, विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी योगी सरकार की गारंटी वैन प्राथमिक विद्यालय संग्रामपुर व प्राथमिक विद्यालय ऐठू गांव पहुंची जिसमे कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के बड़े भाई संतोष सोनकर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की गारंटी वैन का मकसद गांव मे लाभांवित ग्रामीणो को सरकार की कल्याण कारी योजनाओं का लाभ गांव गांव मे ग्रामीणो तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि मोदी व योगी सरकार के 10 साल के कार्यकाल को जनता को बताना ग्राम पंचायतो मे कोई भी पात्र योजना से वंचित न रह जाये जिसके लिए मोदी योगी सरकार ने अपने कार्यकाल की योजनाओं को घर घर पहुंचाने के लिए मोदी गारंटी वैन शुरू किया जिसमे ग्राम पंचायतो मे लाभार्थी पात्रों व अन्य समस्याओ का लाभ गारंटी वैन के माध्यम से लोगो को तत्काल मिल सके जिसमे आयुष्मान कार्ड, प्रधानमत्री आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, शौचालय, जलनिगम पानी से संबंधित व बिजली से सम्बिन्धत योजनाओं व समस्याओं का लाभ वंचित लोगों को मोदी गारंटी वैन के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी तत्काल दे सके, जिसमें ब्लाक कालाकांकर सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव उर्मिला यादव व ग्राम प्रधान पति जोखू यादव, ग्राम प्रधान ऐंठू केसा देवी, शिवराज मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि हरकेश, ग्राम पंचायत सचिव प्रभांशु पांडे व भाजपा कार्यकर्ता संतोष तिवारी, आनंद तिवारी, जय प्रकाश शुक्ला, इरफान, मोहित मिश्रा, रवि जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।



ब्लाक कालाकांकर में आयोजित कार्यक्रम में जुटी भीड़।

# शीतलहर में अलाव के समुचित प्रबन्ध न दिखने से ठिठुर रहे राहगीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इलाके में कई दिनों से शीतलहर के चलते बढ़ी ठण्ड से राहगीर परेशान हैं। वहीं कस्बावासी समेत इलाके के बाजार निवासी भी ठण्ड के चलते हलाकान हो रहे हैं। शीतलहरी में अलाव की समुचित व्यवस्था न होने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। कस्बा स्थित विभिन्न कार्यालयों, धार्मिक स्थलों व बसअडडो तथा रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, सांगीपुर, अठेहा, उदयपुर, लीलापुर, बाबूगंज आदि क्षेत्रों की कई बाजारों में अलाव की व्यवस्था न होने से लोगों में परेशानी बनी दिख रही है। हालांकि एसडीएम लालधर सिंह यादव का कहना है कि आवश्यक जगहों पर अलाव जलाने को लेकर कड़े निर्देश दिये गये हैं। वहीं गुरूवार को लालगंज, सगरा सुंदरपुर, अजगरा समेत कई जगहों पर ठण्ड से परेशान लोगों ने खुद से अलाव जलाने की व्यवस्था बनाकर ठण्ड से निजात का प्रयास करते देखे गये।

# घर गिराने के विरोध में दबंगों ने युवक को मारी गोली, गंभीर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के समसपुर गांव मैदान का पुरवा गांव में घर गिराये जाने का विरोध करने पर दबंगों ने एक युवक को गोली मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बीती रात दबंगों ने एक युवक के घर को जेसीबी से गिरा दिया जिसका विरोध करने पर दबंगों ने युवक को गोली मार दी। पीड़ित का आरोप है कि तमंचा व अन्य हथियारों से लैस होकर आरोपियों ने घेराबंदी की थी। मामले की जानकारी होने पर पुलिस पहुंची तब तक दबंग भाग चुके थे। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# निराश्रित वृद्ध की अस्पताल में मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कुष्ठ आश्रम के निराश्रित वृद्ध अजय सिंह (65) जिनका कुछ दिनों पहले कूल्हे का सफल ऑपरेशन हुआ था कि शुक्रवार को सुबह मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के डाक्टर मौत की वजह हार्टफेल होना बता रहे हैं। हालांकि वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों का कहना है कि अजय रात में दर्द से चिल्ला रहे थे।स्टाफ को बार बार जाकर बताया गया लेकिन कोई देखने नहीं आया। सुबह स्टाफ नर्स ने बताया कि उसने अजय के लिए गर्म वस्त्रों का इंतजाम किया था। प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि इलाज में कोई लापरवाही नहीं हुई है। सर्जरी के बाद सेहत सुधारने लगी थी। बता दें कि एक सप्ताह पहले अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. सचिन कुमार ने अजय सिंह के कूल्हे का स्वयं के खर्च पर निःशुल्क सफल आपरेशन किया था। इस कार्य के लिए लालगंज का वकीलों ने उन्हें सम्मानित भी किया था।

# बाउंड्री वॉल व गेट तोड़ने पर पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रंजीतपुर चिलबेला में बाउंड्रीवॉल व गेट तोड़ने के मामले में पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। चिलबिला निवासी श्यामजी जायसवाल पुत्र बच्चू लाल जायसवाल थाना कोतवाली नगर ने 10 साल पहले चैहान बस्ती में एक प्लांट का बैनामा लेकर बाउंड्री वॉल कराकर गेट लगा दिया था। बीते एक जनवरी को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा बाउंड्री वाल व गेट को गेट तोड़ दिया गया पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ अज्ञात लोग बाउंड्री वाल व गेट तोड़कर जान से मारने की धमकी दिए हैं। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली नगर पुलिस को सूचना दिया तो पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पेट की भूख मिटाने के लिए साहब छेड़ी है मौत से जंग

## कड़ाके की ठंड में प्रवासी मजदूरों का नीला अम्बर बना बिछौना

### सोशल मीडिया पर वायरल हुई ईंट भट्ठा मजदूर की फोटो

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रोटी की बेबसी इंसान से कुछ भी करने के लिए बेबस कर सकती है। एक तरफ कडाके की ठंड तो दूसरी तरफ रोटी की भूख के लिए प्रवासी मजदूरों की मेहनत मौत से जंग लड़ने से कम नहीं है।फिर भी लोग इस लाचारी का फायदा उठाने से पीछे नही हटते है।

कुछ ऐसी ही परिस्थितियों के बीच समय बीता रहे ईंट भट्ठा मजदूरों की एक फोटो कई दिनों से खूब वायरल हो रही है।जिसे लोग बभनपुर ईंट भट्ठे की बता रहे है। जहां प्रवासी मजदूर अपनी बेबसी भरी जिंदगी पत्नी व मासूम बच्चों के साथ नीले अम्बर को ही अपना बिछौना मान लिया है और उसी के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर है।वही ईंट भट्ठों पर मजदूरों के शोषण पर स्थानीय प्रशासन भी खामोश दिखाई दे रहा है। संचालक जब मजदूरों को कार्य के लिए बुलाता है तो रहने, खाने के साथ ही शिक्षा व चिकित्सा जैसी व्यवस्था का दावा तो करता है लेकिन उसके सभी दावे खोखले साबित होते है। देखा जाए तो अधिकांश ईंट भट्ठों की यही दशा है, लेकिन बभनपुर स्थित ईंट भट्ठे की हालत तो एकदम ही बदतर है। जब कि शासन के मानक के अनुसार मजदूरों को 10 प्रतिशत भी सुविधा ईंट भट्ठा संचालक नही दे पाता है। अब इस हालत में फंसे मजदूर क्या करे? इन मजदूरों के रहने के लिए अस्थाई जर्जर झोपड़ी बनावा देते है, जिसे मवेशी झटका दे दे तो मजदूर की जिंदगी भी उसी जर्जर झोपड़ी में दफन हो सकती है।यही नहीं न तो शौचालय की और न ही बच्चों के लिए शिक्षा की सुविधा मुहैया कराते है। वह इन दबंगों के आगे बेबस होकर बेबसी की जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर हो जाता है। ईंट भट्ठों पर सारे मानक दर किनार हैं फिर भी प्रशासन की यह खामोशी आखिर क्या बयां करना चाहती है। इस संबंध में एसडीएम लालधर से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल रिसीव न होने के कारण बात नही हो सकी।



खुले आसमान के नीचे ईंट भट्ठा मजदूर का परिवार।

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भरी हुंकार

### विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोशिएसन ने दी देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय माडल प्राइमरी स्कूल में विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की आम सभा हुई। सभा में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षक नेताओं ने सरकार के खिलाफ गर्जना की। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा केन्द्रीय विधि की तरह ओपीएस का मेमोरेण्डम जारी किया जाना चाहिए। प्रदेश महामंत्री सुभाष कन्नौजिया ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली के लिए हम किसी भी सीमा तक संघर्ष के लिए तैयार हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी मिश्रा ने कहा कि यदि हम लोकसभा चुनाव के पहले पुरानी पेंशन बहाल नहीं करा पाए तो फिर यह मुद्दा सदा के लिए दफन हो जाएगा, जिसके जिम्मेदार हम सब शिक्षक एवं कार्मिक होंगे। प्रदेश मंत्री शशिप्रभा सिंह ने कहा बेसिक शिक्षकों की पदोन्नति, जिले में स्थानांतरण एवं रिक्त पदों पर भर्ती के मामले में शासन उपेक्षात्मक रवैया अपना रहा है। बैठक की अध्यक्षता विशिष्ट जिलाध्यक्ष डा० विनोद त्रिपाठी एवं संचालन विश्व दीप सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष डा० विनोद त्रिपाठी ने कहा कि एक देश में एक विधान के तहत ओपीएस हमारा संवैधानिक हक है। इस मौके पर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, डा. अनिल त्रिपाठी, डा. संजीत शुक्ल, डा. वीरेश सिंह, राजीव दूबे, विजय गुप्ता और मंजीत सरोज आदि शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# अधिकारियो की उदासीनता के चलते ब्रहमौली अमृत सरोवर अधर में लटका, माह दिसंबर 23 मे तैयार होना था

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत सरोवर को हाई फाई करने के लिए लाखो रुपये खर्च कर रही है तो दूसरी तरफ अधिकारियो की उदासीनता के चलते सरकार की सारी मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।मामला विकास क्षेत्र कालाकांकर के ब्रहमौली ग्राम पंचायत का है जंहा सरकार की मंशा पर शत प्रतिशत खरा उतरने के लिए ग्राम प्रधान सविता त्रिपाठी के पति मनोज कुमार त्रिपाठी ने ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत सरोवर को सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्य शुरू किया जिसमे सरकार के पैसे की परवाह न करते हुए अपने पास से पैसा लगा दिया ततकालीन सीडीओ ईशा प्रिया ने निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान पति मनोज त्रिपाठी के अमृत सरोवर ड्रीम प्रोजेक्ट की सराहना किया और आश्वासन दिया कि अमृत सरोवर के निर्माण कार्य मे पैसे की कोई कमी नही रहेगी।

उसी बीच सीडीओ का स्थानांतरण हो गया जिससे अमृत सरोवर का निर्माण कार्य का भुगतान न होने से अधर में लटका हुआ है। प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा होने के कारण छोटे बड़े वाहनों की नजर अमृत सरोवर की तरफ देखने को विवश कर देती है। जिसका पक्के काम का स्टीमेंट ग्राम पंचायत के जेई द्वारा पास न करने पर भुगतान नही हो पा रहा है भुगतान न होने से निर्माण कार्य रोक दिया गया है। ग्राम प्रधान पति मनोज त्रिपाठी ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपया अपने पास से अब तक लगा दिया हूँ, कच्चा काम का भुगतान कर दिया गया है अब पक्का काम का लगभग 18 लाख रुपया का भुगतान होना है टोटल 21 लाख रुपये का प्रोजेक्ट है, संबंधित अधिकारी जेई निर्माण कार्य का सत्यापन कर स्टीमेट नही बना रही है जिससे निर्माण कार्य पैसे के आभाव मे रोक दिया गया है। जब कि ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी मनरेगा जी डी शुक्ला अपने हाथ खड़े कर दिये है। पूछने पर बताया कि पक्के निर्माण कार्य का निरीक्षण करके जेई को स्टीमेंट बनाकर भुगतान के लिये लगा देना चाहिए जिससे निर्माण कार्य शुरू हो सके और सरकार की मंशा पुरी हो सके। बताया जाता है जिले के आला अफसर अमृत सरोवर निर्माण कार्य को लेकर कुछ भी स्पस्ट नही कर पा रहे हैं अधिकारियों की उदासीनता के डीजल अमृत सरोवर के ड्रीम प्रोजक्ट पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। जिससे सरकार की किरकिरी होती दिखाई दे रही है।

# आलू सरसों की फसलों पर संकट देख किसानों की उड़ी नींद

### अनवरत कोहरे व पाले से बढ़ी किसानों की परेशानी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बीते कई दिनों से बदले मौसम के मिजाज से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी है। इससे आलू सरसो चना मटर व अरहर की फसलों पर संकट के बादल साफ नजर आ रहे है। जबकि यह मौसम गेहूं की फसलों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। फसलों को रोग से बचाने के लिए किसानों द्वारा इनपर दवाओं का छिड़काव करवाया जा रहा है। इसके बावजूद भी लहलहाती फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे है।

बता दें कि जिले के लालगंज कुंडा सदर पट्टी रानीगंज मान्धाता समेत लगभग सभी ब्लाकों में किसान आलू व मटर की खेती व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए किया करते है। इसके अलावा आवारा पशुओं की बाढ़ व कम लागत के चलते बहुसंख्यक किसान इस बार सरसो की खेती को प्रमुखता दिए हुए है। यह फसले इन दिनों खेतो में लहलहा रही है पर बीते एक सप्ताह से मौसम के मिजाज में आये बदलाव व पड़ रहे कोहरे व पाले ने किसानों को परेशान कर दिया है फसलों के रोगग्रस्त होने का खतरा उन्हें साफ नजर आ रहा है। कोहरे व पाले से जहाँ आलू के पत्तो पर धब्बे बनते दिख रहे है वही कीट फसल में तेजी से बढ़ रहे है, जिससे तने व पत्तियों को नुकसान पहुचने की आशंका से किसान परेशान हैं। इसी तरह सरसों अरहर मटर के फूलों पर भी कीटों का प्रकोप तेज होने की आशंका जताई जा रही है। इन पौधों के फूलों पर झुलसा रोग के लक्षण साफ नजर आने लगे है सजग किसान फसलों पर दवाओं के छिड़काव में जुट गया है। जबकि यह मौसम गेंहू की फसलों के लिए लाभकारी माना जा रहा है किसानों की माने तो सर्दी न होने के कारण गेहूं की फसलों में अपेक्षित बढ़ाव नही नजर आ रहा था अब मौसम बदलने के बाद उनमें रौनक नजर आती दिख रही है।। वही उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव के अनुसार झुलसा रोग से बचाव के लिये किसान आलू सरसो चना मटर की फसलों पर मैकेजीप दवा का छिड़काव करें। एक लीटर पानी में दवा का घोल बनाकर छिड़काव करें व फसलों के आसपास धुंआ भी लाभकारी होगा। पाला व कोहरा से केवल गेहूं की फसल को फायदा है नमी की वजह से गेहूं के पौधे मजबूत व विकसित होंगे।

# ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में गांव, ग्रामीणों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांव में लगे ट्रांसफार्मर के जल जाने से ग्रामीण छत्तीस घंटे से अंधेरे में रहने को विवश हैं। अजगरा विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा तेजगढ़ फीडर से पूरे पण्डित गांव में विद्युत की सप्लाई होती है। इस गांव में पचीस केवीए का लगा ट्रांसफार्मर अचानक जल गया। इससे गांव में दो दर्जन से अधिक घरों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी है। गांव के संतोष पाण्डेय, छोटे लाल गौड़, त्रिवेणी प्रसाद ओझा, द्विजेन्द्र मिश्र, ब्रम्हदत्त त्रिपाठी, दिवाकर प्रसाद त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, पारसनाथ गौड़ आदि का कहना है कि शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो रहा है। जेई अखिलेश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करायी जाएगी।

## संपादक की कलम से

# आदर्श मूल्यों के साथ कठोर श्रम से जीवन में उत्थान

हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं। आज के परिपेक्ष में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या विकल्प नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।

यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए । यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो, तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए, और इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है।ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है, जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है, जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है, एवं राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है, जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है ।अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

## भारत में वैश्विक अनूठी सार्वभौमिकता

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इंडोलॉजी में भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्यमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है।

# भगवान पार्श्वनाथ हैं पुरुषार्थ एवं जीवंत धर्म की प्रेरणा



भगवान पार्श्वनाथ ने सत्य की तलाश में राज-वैभव को त्याग संसार में संन्यस्त हुए। उन्होंने कठिन तप तपा, वीतरागता तक पहुंचकर अपने जीये गये सच को भाषा दी। जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर के रूप में उन्होंने वास्तविक धर्म को स्थापित कर उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर विचरण करते हुए उन्होंने धर्म का सही अर्थ समझाया। पार्श्वनाथ के जीए गये वे सारे सत्य धर्म के व्याख्या सूत्र बने हैं, जिन्हें उन्होंने ओढ़ा नहीं था, साधना एवं तप की गहराइयों में उतरकर आत्मचेतना के तल पर पाया था। उनके धर्म का शाश्वत सन्देश यही है कि स्वयं के द्वारा स्वयं को खोजें।

भगवान पार्श्वनाथ तापस परम्परा में क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ। उनका जन्म आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व पौष कृष्ण एकादशी के दिन वाराणसी में हुआ था, जो इस वर्ष 7 जनवरी 2023 को है। उनके पिता का नाम अश्वसेन और माता का नाम वामादेवी था। राजा अश्वसेन वाराणसी के राजा थे। जैन पुराणों के अनुसार तीर्थंकर बनने के लिए पार्श्वनाथ को पूरे नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलतः ही वे तेईसवें तीर्थंकर बने। पुराणों के अनुसार पहले जन्म में वे मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में रश्मिवेग नामक राजा, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में वज्रनाभि नामक चक्रवर्ती सम्राट, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में आनंद नामक राजा, नौवें जन्म में स्वर्ग के राजा इन्द्र और दसवें जन्म में तीर्थंकर बने।

बचपन में पार्श्वनाथ का जीवन राजसी वैभव और ठाटबाठ में व्यतीत हुआ। जब उनकी उम्र सोलह वर्ष की हुई और वे एक दिन वन भ्रमण कर रहे थे, तभी उनकी दृष्टि एक तपस्वी पर पड़ी, जो कुल्हाड़ी से एक वृक्ष पर प्रहार कर रहा था। यह दृश्य देखकर पार्श्वनाथ सहज ही चीख उठे और बोले-ठहरो! उन निरीह जीवों को मत मारो। उस तपस्वी का नाम महीपाल था। अपनी पत्नी की मृत्यु के दुख में वह साधु बन गया था। वह क्रोध से पार्श्वनाथ की ओर पलटा और कहा- मैं किसे मार रहा हूं? देखते नहीं, मैं तो तप के लिए लकड़ी काट रहा हूं। पार्श्वनाथ ने व्यथित स्वर में कहा- लेकिन उस वृक्ष पर नाग-नागिन का जोड़ा है। महीपाल ने तिरस्कारपूर्वक कहा-तू क्या त्रिकालदर्शी है? और पुनः वृक्ष पर वार करने लगा। तभी वृक्ष के चिरे तने से छटपटाता, रक्त से नहाया हुआ नाग-नागिन का एक जोड़ा बाहर निकला। एक बार तो क्रोधित महीपाल उन्हें देखकर कांप उठा, लेकिन अगले ही पल वह धूर्ततापूर्वक हंसने लगा। तभी पार्श्वनाथ ने नाग-नागिन को णमोकार मंत्र सुनाया, जिससे उनकी मृत्यु की पीड़ा शांत हो गई और अगले जन्म में वे नाग जाति के इन्द्र-इन्द्राणी धरणेन्द्र और पद्मावती बने और मरणोपरांत महीपाल सम्बर नामक दुष्ट देव के रूप में जन्मा। इस घटना ने पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई। उन्होंने ऐसा कुछ करने की ठानी जिससे जीवन-मृत्यु के बंधन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी।

बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशील और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। शत्रु को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है। वे सम्राट से संन्यासी बने, वर्षों तक दीर्घ तप तपा, कर्म निर्जरा की, तीर्थंकर बने। जैन दर्शन के रूप में शाश्वत सत्यों का उद्घाटन किया। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृर्तित्व जैन इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। पार्श्वनाथ ने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने जीवन शुद्धि के लिए कठोर तप किया। उनके तप में सादगी थी और जीवन शुद्धि का मर्म था। वास्तव में तप वही है जिसके साथ न प्रदर्शन जुड़ा है और न प्रलोभन। इसमें न केवल उपदेश काम करता है और न अनुकरण।

जीवन स्वयं एक तपस्या है। सुविधाओं के बीच सीमाकरण में रहना और अभावों के बीच तृप्ति को पा लेना भी तप है। प्रतिकूलताओं को समत्व से सह लेना, वैचारिक संघर्ष में सही समाधान पा लेना, इन्द्रियों को विवेकी बना लेना, मन की दिशा और दृष्टि को बदल देना भी तप है और ऐसे ही तप के माध्यम से पार्श्वनाथ न केवल स्वयं तीर्थंकर बने बल्कि जन-जन में ऐसी ही पात्रता को उन्होंने विकसित किया। उनकी साधना की कसौटी थी- शुद्ध आत्मा में धर्म का स्थिरीकरण। बिना पवित्रता धर्म आचरण नहीं बन सकता। जैसे-मुखौटों में सच नहीं छिपता, वैसे ही वासनाएं, कामनाएं, असत संस्कार और असत व्यवहार धर्म को आवरण नहीं बना सकता। इसलिए उपासना के इस बिन्दु से जोड़े कि धर्म मंदिर या पूजा पाठ में नहीं, धर्म मन के मंदिर में हैं। पार्श्वनाथ ने अहिंसा एवं सह-अस्तित्व का दर्शन दिया। अहिंसा सबके जीने का अधिकार है, उन्होंने इसे स्वीकृत किया। प्राचीन उद्घोष एक बार फिर से करते हुए उन्होंने जनता को संदेश दिया- सव्वे पाणा पियाउवा, सव्वे दुक्ख पडिकुला- यानी सबको जीवन प्रिय है, दुख को कोई नहीं चाहता। पर हमने अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर प्रकृति पदार्थ, प्राणी और पर्यावरण को नकार दिया।

तीर्थंकर पार्श्वनाथ भी उन धर्मनायकों एवं तीर्थंकरों में से ऐसे महापुरुष थे, जो धर्म नीतियों का प्रकाश संसार में लेकर आए और ऐसे जीवन मूल्यों की स्थापना की जिनके माध्यम से धर्म एक नये रूप में प्रस्तुत हुआ। इस धर्म दर्शन में जीवन के इर्द-गिर्द छिपी बाहरी ही नहीं, भीतरी परछाइयां भी रोशनी बनकर प्रस्तुत होती है। अच्छाइयों की सही पहचान होती है, अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बनता। पार्श्वनाथ ने जो कुछ कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। वे प्रणम्य बने अपनी तपस्विता एवं पवित्रता की बुनियाद पर। उनका सम्पूर्ण जीवन, आदर्श और सिद्धान्त मानवता के नाम आत्म-विकास की प्रेरणा है। भगवान पार्श्वनाथ हमारे लिए वंदनीय है। वे हमारे जीवन दर्शन के स्रोत हैं, प्रेरक आदर्श हैं। उन्होंने जैसा जीवन जीया, उसका हर अनुभव हमारे लिए साधना का प्रयोग बन गया। उन्होंने हमारे भीतर सुलभ बोधि जगाई, व्रत की संस्कृति विकसित की, समत्व की साधना को संभव बनाया। बुराइयों का परिष्कार कर अच्छा इंसान बनने का संस्कार भरा। पुरुषार्थ से भाग्य बदलने का सूत्र दिया। क्योंकि हम कुछ होना चाहें और पुरुषार्थ न करें तो फिर बिना लंगर खोले रात भर नौका खेने वाले नादान मल्लाह की तरह असफलता हाथ आएगी। इसलिए उन्होंने कर्मवीर बनने का संदेश दिया।

भगवान पार्श्वनाथ ने लगभग 70 वर्ष तक जनता को आलोक बांटा। 100 वर्ष की आयु में एक मास का अनशन करते हुए सम्मेद शिखर पर श्रवण शुक्ल अष्टमी को उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया। उनके जन्मदिवस के अवसर पर जरूरत है हम ऐसा संकल्प ले कि भगवान पार्श्वनाथ को सिर्फ शास्त्रों में ही न पढ़ें, प्रवचनों में ही न सुनें बल्कि पढ़ी और सुनी हुई ज्ञान-राशि को जीवन में उतारें तभी एक महाप्रकाश को अपने भीतर उतरते हुए देखेंगे। हम स्वयं पार्श्वनाथ बनने की तैयारी करें।

**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# दालों की आत्मनिर्भरता पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी मील का पत्थर साबित होगी

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**गोंदिया-** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नजरे भारत में तेजी से हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमों पर हैरानी भरी तान से लगी हुई है, और हो भी क्यों ना, क्योंकि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा बहुत तेजी से आगे बढ़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है, जिसका लक्ष्य बहुत जल्द प्राप्त होगा वैसे भी रक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा, स्पेस सहित लगभग सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, क्योंकि आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत के सपने को पूर्ण करेगा।वह तब होगा जब हम हर क्षेत्र मेंआत्मनिर्भर हो जाएंगे, आयात से अधिक हमारे निर्यात होंगे इसलिए हर क्षेत्र पर विशेष नजरें लगी हुई है। चूंकि दिनांक 4 जनवरी 2024 को दालों की आत्मनिर्भरता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी की गई, ताकि दालों का उत्पादन बढ़ाने और किसानों को उनका उचित पर्याप्त मूल्य मिले,इसीलिए नेफेड और एनसीसीएफ के द्वारा उत्पादक किसानों को बाजार मूल्य या एमआरपी जो अधिक होगी उसको किसानों के सीधे खाते में भिजवाने और व्यापक पोर्टल द्वारा रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है, जिसमें किसानों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मूंग और चने में आत्मनिर्भरता प्राप्त भारत को दलहन के क्षेत्र में भी आत्म भरता प्राप्त करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम दालों की आत्मनिर्भरता पर दिनांक 4 जनवरी 2024 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की करें तो, तुवर दाल खरीदी पोर्टल पर किसानों के उज्जवल भविष्य के लिए लाभकारी होगा, अरहर किसानों के लिए यह अच्छी खबर है कि अब उनको अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा क्योंकि केंद्र सरकार ने अरहर को कम से कम एमएसपी पर खरीदने की व्यवस्था की है।इसके लिए अरहर किसानों को उपज आने से पहले पंजीयन कराना होगा। सरकार जल्द ही उड़द व मसूर के लिए भी यह व्यवस्था करने वाली है।इस बात की घोषणा केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दलहन में आत्मनिर्भरता विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन और अरहर उत्पादक किसानों के पंजीकरण, खरीद एवं भुगतान के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) व भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) द्वारा विकसित ई-पोर्टल के लोकार्पण के दौरान की। भारत सालाना 25 से 30 लाख टन दालों का आयात करता है। देश में दलहन का सालाना उत्पादन 250 से 270 लाख टन है। दलहन में आत्मनिर्भरता पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत को दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है। इसके लिए किसानों को दलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। लेकिन कई बार किसान उनकी उपज का कम दाम मिलने के कारण दलहन की खेती करने से हिचकते हैं। सरकार ने आज किसानों की इस समस्या को दूर करने के लिए और किसानों को उनकी उपजखासकर अरहर का दाम दिलाने की व्यवस्था की है। नेफेड और एनसीसीएफ ने अरहर किसानों के पंजीकरण, खरीद व भुगतान के लिए ई- पोर्टल लॉन्च किया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक समारोह में तूर के किसानों के पंजीकरण, खरीद, भुगतान के लिए ई-समृद्धि व एक अन्य पोर्टल लोकार्पित किया। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) तथा भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारिता संघ (एनसीसीएफ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर दलहन में आत्मनिर्भरता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित हुई। साथियों बात अगर कर हम दिनांक 4 जनवरी 2024 को दलों पर आत्मनिर्भरता पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृहमंत्री के संबोधन की करें तो उन्होंने कहा कि ये पोर्टल के जरिए ऐसी शुरूआत की है, जिससे नेफेड व एनसीसीएफ के माध्यम से किसानों को एडवांस में रजिस्ट्रेशन कर तूर दाल की बिक्री में सुविधा होगी, उन्हें एमएसपी या फिर इससे अधिक बाजार मूल्य का डीबीटी से भुगतान हो सकेगा। इस शुरूआत से आने वाले दिनों में किसानों की समृद्धि, दलहन उत्पादन में देश की आत्मनिर्भरता और पोषण अभियान को भी मजबूती मिलती दिखेगी। साथ ही क्रॉप पैटर्न चेंजिंग के अभियान में गति आएगी और भूमि सुधार एवं जल संरक्षण के क्षेत्रों में भी बदलाव आएगा। आज की शुरूआत आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में प्रचंड परिवर्तन लाने वाली है। श्री शाह ने कहा कि दलहन के क्षेत्र में देश आज आत्मनिर्भर नहीं है, लेकिन हमने मूंग व चने में आत्मनिर्भरता प्राप्त की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दलहन उत्पादक किसानों पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है कि वर्ष 2027 तक दलहन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हों। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि किसानों के सहयोग से दिसंबर 2027 से पहले दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन जाएगा और देश को एक किलो दाल भी आयात नहीं करना पड़ेगी। दलहन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय और कृषि मंत्रालय सहित अन्य पक्षों की कई बैठकें हुई हैं, जिनमें लक्ष्य प्राप्ति की राह में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि कई बार दलहन उत्पादक किसानों को सटोरियों या किसी अन्य स्थिति के कारण उचित दाम नहीं मिलते थे, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान होता था। इसके कारण वे किसान दलहन की खेती करना पसंद नहीं करते थे। हमने निश्चित कर लिया है कि जो किसान उत्पादन करने से पूर्व ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएगा, उसकी दलहन को एमएसपी पर शत-प्रतिशत खरीद कर लिया जाएगा। इस पोर्टल पर रजिस्टर करने के बाद किसानों के दोनों हाथों में लड्डू होंगे। फसल आने पर अगर दाम एमएसपी से ज्यादा होगा तो उसकी एवरेज निकाल कर भी किसान से ज्यादा मूल्य पर दलहन खरीदने का एक वैज्ञानिक फामूर्ला बनाया गया है और इससे किसानों के साथ कभी अन्याय नहीं होगा। उन्होने किसानों से अपील की कि वे पंजीयन करें, पीएम की गारंटी है कि सरकार उनकी दलहन खरीदेगी, उन्हें बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।उन्होंने विश्वास जताया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में किसान कोई कसर नहीं छोड़ेगा। देश का बहुत बड़ा हिस्सा आज भी शाकाहारी है, जिनके लिए प्रोटीन का बहुत महत्व है, जिसका दलहन प्रमुख स्रोत है। कुपोषण के खिलाफ देश की लड़ाई में भी दलहन उत्पादन का बहुत महत्व है। भूमि सुधार हेतु भी दलहन महत्वपूर्ण फसल है, क्योंकि इसकी खेती से भूमि की गुणवत्ता बढ़ती है। भूजल स्तर को बनाए रखना और बढ़ाना है तो ऐसी फसलों का चयन करना होगा, जिनके उत्पादन में पानी कम इस्तेमाल हो, दलहन इनमें है। दलहन एक प्रकार से फर्टिलाइजर का एक लघु कारखाना आपके खेत में ही लगा देती है।

# तीनों आपराधिक कानूनों को अधिसूचित करने में पेंच फंसा ?

गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करनें, उसको साकार रूप देने के लिए अंग्रेजों के शासनकाल के अनेकों कानून रद्द कर दिए गए हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं रह गया था। अब अंग्रेजी संसद द्वारा बनाए गए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 1860-2023 तक के युग की समाप्ति करने की पहल कर डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखते हुए कानून बनाए गए हैं, सीआरपीसी आईपीसी और एविडेंस एक्ट क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की बुनियाद है और इन्हें रिप्लेस किया गया है। चूंकि संसद के दोनों सदनों में इन विधेयकों को पास किया गया था और अब माननीय राष्ट्रपति महोदया ने तीनों विधेयकों पर दिनांक 25 दिसंबर 2023 को देर रात हस्ताक्षर कर दिए हैं, राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही अब ये तीनों बिल कानून बन गए हैं।परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि इन कानून को अधिसूचित करने में अभी के तीन पेंच फसें दिख रहे हैं। पहला 2 जनवरी 2024 को देर रात्रि केंद्रीय गृह सचिव का आंदोलनकारी ड्राइवर संगठनों को आश्वासन,दूसरा इन कानून में अनेक विसंगतियां व खामियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका और तीसरा दो माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 इन तीन मुद्दों को रेखांकित करते हुए यह संभावना लगाई जा रही है कि फिलहाल इन तीनों कानून को अधिसूचित करने में कुछ समय लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता उधर दिल्ली पुलिस ने तो इसे अधिसूचित होने की संभावना के चलते इन कानूनों का अध्ययन करने व अपने विभाग के कर्मियों के लिए अध्ययन सामग्री तैयार करने के लिए 14 सदस्य दल का गठन कर दिया है। चूंकि उपरोक्त तीनों बातों के चलते तीनों अपराध कानूनों को अधिनुचित करने में पेंच फंसा है ?इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, आंदोलनकारी ड्राइवर संगठनों को केंद्रीय गृह सचिव आश्वासन सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका तथा लोकसभा चुनाव 2024 तीनों नए आपराधिक कानून को अतुलित अधिसूचित करने पर ग्रहण लगने की संभावना है।

साथियों बात अगर हम तीनों आपराधिक कानून को अधिसुचित करने में पेंच फंसा होने की करें तो ,अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस की बैठक 2 जनवरी 2024 पर केंद्रीय गृह सचिव ने कहा, हमने आज अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा की। सरकार ये बताना चाहती है कि नए कानून एवं प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं, हम ये भी कहना चाहते हैं कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। संसद से पारित तीन नए कानून राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद कानून बन चुके हैं। हालांकि, तीनों कानूनों में खामियों का दावा किया जा रहा है। शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर तीनों कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून के तहत कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई है। बता दें कि इन कानूनों के लागू होने के बाद ब्रिटिश हुकूमत के दौर से चले आ रहे 125 साल से अधिक पुराने कानून- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट को बदला गया है। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि नए कानूनों में कई खामियां और विसंगतियां हैं। आपराधिक कानूनों की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए तुरंत एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग भी की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा, इन कानूनों से भारत के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। तीनों कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए, अधिवक्ता महोदय ने जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने कहा, संसद से तीनों कानूनों को बिना किसी बहस के पारित किया गया। जब विधेयकों को पारित किया गया उस समय अधिकांश विपक्षी सदस्यनिलंबित थे।उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून कहीं अधिक कठोर हैं याचिकाकर्ता के अनुसार ब्रिटिश कानूनों को औपनिवेशिक और कठोर माना जाता था। अब भारतीय कानून उससे भी अधिक कठोर हैं। पुलिस हिरासत के प्रावधान का उदाहरण देते हुए याचिकाकर्ता ने कहा, 15 दिनों से लेकर 90 दिनों और उससे अधिक अवधि तक हिरासत में रखने की ताकत देने से पुलिस यातना बढ़ने का खतरा है। यह चौंकाने वाला प्रावधान है।

## भाजपा ने मनाई कल्याण की जयंती-जोशी का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जंयती व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी के जन्मदिन पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता मे गोष्ठी की।

शुक्रवार को लोनिवि के डाक बंगले में हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बांदा के पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि देश मे दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई जा रही है। दोनों की जयंती पर भाजपाइयों ने उन्हें याद करते हुए कल्याण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरलीमनोहर जोशी के दीघार्यु होने की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के त्याग को सभी याद करते है। त्याग में बाबरी मस्जिद विध्वंस बाद कल्याण सिंह ने सरकार से इस्तीफा दिया था, उनके त्याग के नतीजतन आज राम मंदिर बनने जा रहा है। मुरली मनोहर जोशी ने यात्रा निकाल जम्मू-कश्मीर के लाल चैक मे झंडा फहराया था। नतीजतन जम्मू-कश्मीर से धारा 370 खत्म हुयी है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि देश की गुलामी के समय पैदा हुये दोनों नेताओ ने गुलामी का दौर देखा था। दोनो मे राष्ट्रवाद कूट-कूट कर भरा था। मुरली मनोहर जोशी व कल्याण सिंह दोनों योगी हैं। कल्याण सिंह का मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल स्वर्णिम कार्यकाल रहा है। मुरली मनोहर जोशी ने केन्द्र सरकार में मानव संसाधन मंत्रालय को कुशलता से चलाते हुये देश में स्वर्णिम कार्य किये। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि कल्याण सिंह व मुरली मनोहर जोशी ने पार्टी को बढाने में अहम योगदान दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पार्टी आज जिस मुकाम पर है, दोनों नेताओं का बडा योगदान रहा है। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि जोशी अच्छे नेता के साथ अनुभवी प्रोफेसर रहे हैं। कल्याण सिंह कुशल राजनेता के रुप मे जाने जाते हैं।


जन्मदिन पर बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष।

गोष्ठी में खासतौर पर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, चेयरमैन कर्वी नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, सुशील द्विवेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी उर्फ बब्बू मौजूद रहे। कार्यक्रम में रामदयाल त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, जयप्रकाश पाडे, बृजेश पांडे, अजू बर्मा, अश्वनी अवस्थी, दिनेश पटेल, सुरेश अनुरागी, दिव्या त्रिपाठी, हीरो मिश्रा, लवलेश निषाद, आभेष मिश्रा, आशीष पांडे, संजय पांडे, अर्चना सिंह, मोहित मिश्रा, प्रेमलाल बाल्मीक, घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।

## कौबरा में अपात्रों को मिले सीएम आवास, हैंडपंप रीबोर में हुआ बड़ा खेल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के कौबरा गांव प्रधान श्रीमती पप्पी देवी व सचिव उत्कर्ष सिंह की मिलीभगत से सीएम आवास में अपात्रों को पात्र दिखाकर लाभ दिया गया है। पात्रों को अपात्र दिखाकर लाभ से वंचित किया है।

शुक्रवार को कौबरा गांव के अपात्र कौशल प्रसाद पुत्र दशरथ को सीएम आवास से लाभान्वित किया है। उसके पास आठ बीघा से अधिक भूमि है। भूमि में आर्यावर्त बैंक शाखा सरैंया से एक लाख 46 हजार का केसीसी से कर्ज लिये है। शासन के नियमों की अनदेखी कर प्रधान पप्पी देवी व सचिव उत्कर्ष सिंह पटेल ने सीएम आवास के अपात्र को योजना का लाभ दिया है। अपात्र कौशल प्रसाद पुत्र दशरथ दो किस्तें ले चुका है।

शासन के नियम में वह पात्रता सूची में नहीं है। सूची में नामित अन्य पात्र विकलांग भैंरो पुत्र रामसंवारे का सूची में नाम होने के बाद सचिव को पैसे न देने से अपात्र घोषित कर नाम काटा गया है। पात्र भैंरों समेत अन्य विकलांगों के सूची में नाम आने पर वे सचिव के चक्कर लगा रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रधान पप्पी देवी व सचिव उत्कर्ष सिंह पटेल की मिलीभगत से हैंडपंप रीबोर पर बड़ा खेल हुआ है। हैंडपंप रीबोर में स्टीमेट बढ़ाकर भुगतान कर सरकारी धन में बंदरबाट हुआ है। कौबरा गांव में नरेश के घर के पास हैंडपंप रीबोर में 153120 रुपये का भुगतान मे अजय ट्रेडर्स के नाम पर हुआ है। भोला के घर के पास हैंडपंप रीबोर में 142821 रुपये का भुगतान भी अजय ट्रेडर्स के नाम हुआ है। प्राथमिक विद्यालय ताला पुरवा में सबमर्सिबल के नाम पर 55639 रुपये का भुगतान अजय ट्रेडर्स के नाम हुआ है। अजय के घर के पास हैंडपंप रीबोर का भुगतान 115596 रुपये अजय ट्रेडर्स के नाम हुआ है।


तालाब के कार्य देखते डीएम।

## डीएम ने देखे तालाब के कार्य

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लघु सिंचाई विभाग के कराये किरहा तालाब अहमदगंज के कार्यों को देखा। शुक्रवार को जिलाधिकारी को अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई पीके मिश्रा ने कार्य दिखाते हुए कहा कि अटल भू-जल योजना तहत लघु सिंचाई विभाग ने तालाब में कार्य कराया है। तालाब में इनलेट, आउटलेट, रैंप का कार्य पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब में वृक्षारोपण नहीं हुआ। उन्होंने अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए कि तालाब में जल्द वृक्षारोपण करायें।

## सीआईसी प्रबंध समिति सदस्य गंगा देवी का निधन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बुंदेली सेना टीम से जुड़े धर्मेंद्र ओझा की 93 वर्षीय मां सीआईसी प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती गंगा देवी ओझा के निधन पर बुंदेली सेना ने शोक बैठक कर दिवंगत आत्मा की शान्ति व परिजनों को असीम दुःख की घड़ी में धैर्य व संबल देने की कामना की है। काफी दिनों से बीमार चल रही श्रीमती गंगा देवी ओझा का शुक्रवार को निधन हो गया। पुलघाट कर्वी में अंतिम संस्कार हुआ। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, मुन्ना करवरिया, राजा करवरिया, विनय शंकर श्रीवास्तव, गोकलेश ओझा समेत सैकड़ों लोगों ने अंतिम विदाई दी। शोक बैठक में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेत पूर्व वार्ड मेम्बर संतू सिंह, कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह, वीपी पटेल, जानकीशरण गुप्ता, अंकित पहारिया, अतुल सिंह, पूर्व वार्ड मेम्बर श्याम गुप्ता, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सरकारी कार्य में दखल देने वाले तीन को हुई तीन-तीन वर्ष की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार बाबूलाल ने पैरवी कर न्यायालय से सरकारी कार्य में बाधा पैदा कर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को तीन-तीन वर्ष की सजा व साढे 12-12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। शुक्रवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला की पैरवी व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने कोतवाली कर्वी में दर्ज मामले के आरोपी बृजबिहारी पुत्र चन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी, विनय कुमार पुत्र उमाशंकर त्रिपाठी व कुमारी वन्दना पुत्री चन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी निवासी बरमपुर को तीन-तीन वर्ष की सजा व साढे 12-12 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 24 मई 2012 को चन्द्रप्रकाश उपाध्याय पुत्र स्व आद्या प्रसाद उपाध्याय निवासी रामपुर घुसकुर्रा थाना महराजगंज जिला जौनपुर ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी से लैस होकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। एसडीएम कर्वी व पुलिस बल से मारपीट कर सरकारी पंचायत भवन जल संस्थान टंकी पर अवैध कब्जा हटाने में बाधा पैदा कर रहे थे। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर विवेचक दीपक कुमार पाण्डेय ने विवेचना कर 10 दिसम्बर 2012 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## दो वांछित-एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व दो वारंटी को दबोचा है। शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने विद्युत अधिनियम के वारंटी राजा भइया पुत्र छेदीलाल निवासी कुबेरगंज को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह व सिपाही पीयूष शरण श्रीवास्तव, गोलू भार्गव शामिल रहे। इसी क्रम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने जालसाजी के वांछित नाथू पुत्र स्व महादेव व दयाशंकर पुत्र माताबदल निवासी तौरा थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर व सिपाही अशोक पाल शामिल रहे।

## पांच से 15 तक होंगी प्रतियोगितायें: सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के आदेश पर सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि पर्व संस्कृति व पहचान के तहत संस्कृति उत्सव मनाया जाना है। उप्र सांस्कृतिक परम्परा में कला व संगीत के क्षेत्र में गायन/वादन/नृत्य की प्रतियोगितायें होंगी।

शुक्रवार को सीडीओ ने बताया कि जिला स्तर एवं मंडल स्तर पर प्रतियोगिता को पांच से 15 जनवरी तक प्रतियोगिता दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट/भजन संध्या में होंगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को गायन क्षेत्र में उपशास्त्री गायन/लोक गायन/सुगम संगीत वादन व नृत्य में लोक नृत्य/लोक नाटक आदि प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में निःशुल्क शामिल हो सकते हैं। गायन में छह से आठ व लोक नृत्य में 13 से 16 तथा लोक नाट्य में 20 से 25 सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। गायन में एकल गायन/समूह गायान, वादन में एक वादन/समूह वादन व नृत्य में एकल/समूह नृत्य होंगी। सभी कलाकारों को वाद यंत्रों की व्यवस्था खुद करनी होगी। प्रतिभागी कलाकार के दल नायक को पूरे विवरण व फोटोग्राफ समेत हिस्सा लेना होगा। जिला एवं मंडल स्तर पर चयनित कलाकारों को 20-21 जनवरी को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रतियोगिता होगी। 24 से 26 जनवरी को पर्व पर अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां सम्मान व पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतियोगिता पर्यटन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन करायेगा। प्रतिभागियों को जिले का निवासी होना चाहिए। प्रतिभागी का आधारकार्ड मानक होगा। प्रतियोगिता में देश भक्ति गीत, लोक गीत, नृत्य, लोक वाद की प्रतियोगिता होगी।

## आप ने बांदा जिलाध्यक्ष के निधन पर जताया दुख

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी बांदा के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह के निधन पर जिले के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने विधानसभा कार्यालय मऊ में नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मृतात्मा की शांति को प्रार्थना की।

शुक्रवार को प्रदेश प्रभारी/सांसद संजय सिंह के आवाहन पर भारत माता के बैनर तले एक दिवसीय उपवास कर मोदी सरकार की तानाशाही से लड़ने को शक्ति मिलने की भारत माता से प्रार्थना की। इस मौके पर आप जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला, अविनाश चंद्र त्रिपाठी, जुगुल जाटव, दिनेश सिंह पटेल, संजय कुमार, सतेन्द्र त्रिपाठी, रामेंद्र श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, कैलाश चंद्र द्विवेदी, लाला यादव, मंगल तिवारी, रजोल कुमार, भास्कर तिवारी, मणिशंकर तिवारी, मुरारी मिश्रा, राहुल कुमार, राममिलन निषाद, वीरेंद्र पटेल, दिनेश सिंह, महेंद्र कुमार, अतुल कुमार, शारदा भारतीय, अर्जुन निषाद, मोहम्मद अबरार, अभिषेक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## हवन मंत्रों से मनाया पतंजलि स्थापना दिवस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति ने पतंजलि योगपीठ का 29वां स्थापना दिवस हवन कर मंत्रों से धूमधाम से मनाया। मंजू केशरवानी ने पतंजलि के प्रकल्पों के बारे में बताया। योग एवं आयुर्वेद का महत्व बताया। शुक्रवार को समाजसेवी जयश्री जोग के साथ मंजू केशरवानी, मीरा श्रीवास्तव, पद्मा सिंह, विमला आर्य, निर्मला पांडेय, रामा निर्मला आर्य, श्रुति, श्रद्धा, सरोज जैन, भावना जैन, पूजा, बेबी, शोभा, अनीता सिंह, अनुभा, पप्पी समेत तमाम बहनें शामिल रहीं।

## पद एवं गोपनीयता की जिला जज ने दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। बतौर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शुक्रवार को शपथ ग्रहण में बतौर विशिष्ट अतिथि उप्र बार काउंसिल के सह अध्यक्ष देवेन्द्र नगरहा व सदस्य बार काउंसिल पीके सिंह की मौजूदगी में अध्यक्ष संजय करवरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्रा, महासचिव मनोज कंचनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, शशि भूषण पाल संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष शिव कुमार कुशवाहा समेत संयुक्त सचिव प्रकाशन आदि को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। एल्डर कमेटी अध्यक्ष बुआराम शुक्ल, पूर्व विधायक बाबू रामप्रसाद, सुभाष चन्द्र द्विवेदी, जगतनारायण पाण्डेय, हेमराज सिंह, सुरेश तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, सत्यहरन यादव, गया प्रसाद द्विवेदी, सूर्यबलि त्रिपाठी, अवधेश विश्वकर्मा, एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड, अधिवक्ता आनन्द मिश्रा, जितेन्द्र उपाध्याय, शिवशंकर उपाध्याय, राजेश चैहान, सचिन श्रीवास्तव, पंकज त्रिपाठी, नवीन चन्द्र त्रिपाठी, कुंवर रोहित सिंह, अनिल त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह लल्ला, आलोक त्रिपाठी, बीडी पटेल, मान सिंह, देवशरण मिश्रा, लक्ष्मण त्रिपाठी, केके यादव, सुरेन्द्र पयासी, त्रिभुवन सिंह यादव, केशव प्रसाद यादव, आशीष यादव, धर्मराज सिंह, राजेंद्र सिंह पटेल, अनूप सिंह बघेल, दमयंती केशरवानी, नीरू गुप्ता, लवकुश गौतम, मुकेश चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार, विनीत पयासी, कुशल पाण्डेय, लक्ष्मण कुशवाहा, अनूप गुप्ता, आशीष शुक्ला, अलौकिकानंद मिश्रा, बंदना मिश्रा समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।



शपथ ग्रहण में मौजूद अधिवक्तागण।

## कॉलेज में बाइक-स्कूटी लाने पर प्रतिबंध: एआरटीओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक को यातायात नियमों को लेकर भेजे सर्कुलर में कहा है कि स्कूल में 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं को कालेज में बाइक- स्कूटी लाने पर प्रतिबंध के निर्देश हैं। पचास सीसी से कम क्षमता वाली बाइकों में छूट दी गई है। शुक्रवार को एआरटीओ विवेक शुक्ला ने बताया कि हाल में दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने पर प्रतिबंध है। कानून का पालन कराने को शिक्षा विभाग से सहयोग मांगा गया है। कोई वाहन स्वामी 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं को वाहन चलाने को देता है तो तीन साल की सजा मिलेगी। 25 हजार रुपये जुमार्ना भी होगा।

उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य डॉ सुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि 15 दिसंबर को परिवहन विभाग ने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के बिना ड्राइविंग लाइसेंस के स्कूटी, मोटरबाइक व अन्य वाहनों के चलाने से हादसे हो रहे हैं। एआरटीओ ने शैक्षिक संस्थाओं से अपील की है कि छात्र-छात्राओं पर बाइक-स्कूटी चलाने पर प्रतिबंध लगायें। ऐसा न करने पर वाहन स्वामी को तीन वर्ष की सजा व 25 हजार का जुमार्ना लगेगा। वाहन का पंजीयन एक वर्ष को निरस्त होगा।

### खासा रोचक है पेशवाकालीन इमारत का इतिहास

## बेदखल लोग झूंठ बोल खुद को बता रहे सेवक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पेशवाकालीन इमारत से बेदखल हुए लोग ड्राइवर, चपरासी, शिक्षक, दरोगा आदि झूंठ दर झूंठ बोल रहे हैं। ये कभी पूर्व राजाओं व जमीदारों के सेवक नहीं रहे। ये सभी रिटायर्ड या कार्यरत कर्मचारी थे। ब्रिटिश शासन ने ये इमारत राज्य सरकार को दी थी। इसके पर्याप्त सबूत मिलते हैं।

काफी खोजबीन के बाद ये तथ्य मिले हैं कि पेशवाकालीन पुरानी कोतवाली इमारत समेत कर्वी का कुल रकबा 1396 एकड में था। कवीर्माफी व कर्वी मोहाल सरकार की सम्पत्ति थी, जो तरौंहा के ठाकुर जी के महंत को कवीर्माफी लगान माफी भूमि थी। ब्रिटिश सरकार ने महंत को दी थी। इस रकबे में 441 एकड रकबा ब्रिटिश सरकार ने 1808 ई में कंटेनमेन्ट एरिया बनाने को अधिग्रहीत किया था। ब्रिटिश सरकार ने कंटेनमेन्ट को 1818 ई में समाप्त कर ये जमीन अमृतराव पेशवा को ब्रिटिश सरकार ने दी थी। महंत को मैनहाई गांव की भूमि कंपनसेसन के बतौर दी थी। कर्वी मोहाल सरकार के नाम से जमींदार अमृतराव की मृत्यु 1824 में हुई। उनके पुत्र विनायकराव ने पेशवाकालीन इमारत बनवाई थी। विनायकराव की मृत्यु 1853 ई में हुई। मृत्यु बाद विनायकराव के गोद लिए दो पुत्र नारायणराव व माधवराव के बीच विवाद हुआ तो ब्रिटिश सरकार ने अमृतराव की पेंशन व जागीर गोद लिए दोनों पुत्रों को देने से मना कर दिया। ये लोग मरने के बाद कर्वी में निवास करते रहे। अमृतराव की जागीर व महल महंत को ब्रिटिश सरकार ने दे दिया। मोहाल कर्वी सरकार की भूमि भी महंत को ब्रिटिश सरकार ने देने को कहा तो महंत ने कर्वी मोहाल की भूमि लेने से मना कर दिया, क्योंकि कर्वी मोहाल की भूमि कृषि योग्य भूमि से अधिक नहीं थी। कर्वी सरकार मोहाल की भूमि ब्रिटिश सरकार ने जीओ नम्बर 1912 27 जुलाई 1959 व जीओ नम्बर 110 19 फरवरी 1862 को बांदा के पूर्व जमींदार मुन्नूलाल को दे दिया। एवज में मुन्नूलाल राठ व हमीरपुर की भूमि ब्रिटिश सरकार को सरकारी कार्य को दे दिया। जमींदार मुन्नूलाल को ब्रिटिश सरकार ने पेशवाकालीन इमारत नहीं दी, बल्कि महंत को दिया। महंत ने ये ऐतिहासिक इमारत 1958 में राज्य सरकार को दे दिया। ब्रिटिश सरकार ने विवादित भवन को महंत से सरकारी दफ्तर खोलने को ले लिया। इसीलिए इस इमारत में सरकारी दफ्तर काफी समय तक खुले रहे। ये बात अभिलेखों में भी दर्ज है। ऐसे में इमारत से बेदखल लोग इमारत की कीमती भूमि पर कब्जा करने को खुद को सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि राजाओं के खुद को सेवक बता रहे हैं। ऐसे में बेदखल लोगों का बारीकी से सर्वे किया जाये तो सभी की कलई खुद खुल जायेगी।


पेशवाकालीन इमारत।

## बांदा ने छह विकेट से बहराइच को हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल मैच बहराइच व बांदा के बीच हुआ। बहराइच ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 23.4 ओवर में ऑल आउट होकर 116 रन बनाकर 117 का लक्ष्य दिया। शुक्रवार को चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में बहराइच से बल्लेबाजी करते हुए संजीत ने 19 गेंद में 30 रन, गौरव ने 55 गेंद में 39 रन बनायें। बांदा के कुलदीप ने 4.4 ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट, अजय ने पांच ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिये। लक्ष्य पाने को बांदा ने 13.5 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बांदा से कुलदीप ने 24 गेंद में 48 रन, अजय ने 26 गेंद में 37 रन की पारी खेली। बहराइच से अनूप ने तीन ओवर में 27 रन एक विकेट, कृष्णा ने चार ओवर में 37 रन एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच कुलदीप रहे। मुकाबले को बांदा ने छह विकेट से अपने नाम किया। आज के मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रामसागर चतुर्वेदी, चित्रकूट गैस सर्विस के मालिक रामबहोरी रहे। अंपायर प्रेम नारायण, ऋषि यादव, स्कोरर विजय, सौरभ नाहर, समसुद्दीन, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।


खिलाड़ियों से परिचय लेते चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता।

## आदिवासियों की बस्तियां उजडने के विरोध में किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम व माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में महिलाओं ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट से गोंडा वाया रामपुरमाफी भारतपुर होते हुये देवांगना हवाई पट्टी तक जाने वाले लिंक रोड में स्टोन मिल मालिकों व नेताओं के दबाव में लिंक रोड में बदलाव कर घनी आबादी के बीच से निकलवाने को प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम व माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में महिलाओं ने प्रदर्शन कर जुलूस निकालते हुए सदर तहसील पहुंचे। यहां हुई सभा में माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि गोंडा रामपुरमाफी भारतपुर मार्ग का सर्वे होकर नेट में प्रदार्शित है। सांसद के स्वजातीय रिश्तेदारों एवं पुत्र की स्टोन क्रशर मिल रामपुरमाफी में है, जो कुछ पहाड व गांव के रकबा दाबे हैं। रसूख के चलते प्रशासन दबाव में अकबरपुर गांव के मजरा भरतकूप क्षेत्र की घनी अबादी के बीच से मार्ग निकालने की साजिश की जा रही है। अबादी में 150 कलोनिया आदिवासियों व दलित समुदाय की हैं। सौ छोटे व्यापारियों के घर उजड जायेंगे। ये सभी बेघर होकर दर-दर भटकेंगे। भरतकूप का क्षेत्रफल कम है, जमीन महंगी है। पुर्नवास में दिक्कतें हैं। जिला प्रशासन की पहल पर एसडीएम सदर व राजस्व टीम तथा यूपीडा के इंजीनियरों ने संयुक्त सर्वे 29 दिसम्बर को किया है। स्थलीय निरीक्षण कर माना है कि आबादी उजड रही है। रामपुरमाफी साइड में तीन-चार स्टोन क्रशर को ही विस्थापित कराना पड़ेगा, आबादी की अपेक्षा कम क्षति होगी। गरीब कामगार मजदूरों की झोपड़ियों व सरकार से प्रदत्त कालोनियों एवं छोटे व्यापारियों के घर उजडने से बच जायेंगे। गरीबों को भरोसा दिया है कि न्यायसंगत सर्वे रिपोर्ट बनाई जायेगी। सुनने में आया है कि सांसद व स्टोन मिल मालिक जिला प्रशासन पर दबाव बनाकर इच्छा पूर्ति का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर सैकडों महिलायें व पुरुष मौजूद रहे।



सभा में बोलते माकपा जिला सचिव।

# नेपाल: भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने विद्यालय भवनों व हेल्थ पोस्ट का किया उद्घाटन



**काठमांडू।** नेपाल दौरे पर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को त्रिभुवन विश्वविद्यालय के नवनिर्मित केन्द्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत सरकार के सहयोग से निर्मित कई पुनर्निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया। इनमें 25 विद्यालय भवन और 32 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं।

कीर्तिपुर स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद के साथ संयुक्त रूप से केन्द्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। तीन हजार व्यक्तियों के एक साथ बैठने की क्षमता वाले पुस्तकालय का निर्माण भारत सरकार की मदद से किया गया है। यह दिव्यांग मैत्री पुस्तकालय है।

इसके अलावा एस जयशंकर ने भारत सरकार के आर्थिक अनुदान से निर्मित कई पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें 25 विद्यालय भवन और 32 हेल्थ पोस्ट शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत पड़ोसी देशों में आई प्राकृतिक आपदा के समय भारत सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी होती है। 2015 में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद तत्काल मानवीय सहायता और राहत के अलावा भारत सरकार ने नेपाल की पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1 बिलियन डॉलर की सहायता की थी। उन्होंने कहा कि गत नवम्बर में आए जाजरकोट भूकम्प में भी पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ की सहायता देने पर समझौता हुआ है। नेपाल में 2015 में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद भारत ने नेपाल के पुनर्निर्माण में सबसे बड़े सहयोगी के रूप में मदद की थी। इनमें भूकम्प के केन्द्र बिंदु रहे गोरखा जिले के बारपाक गांव में 50 हजार घरों के पुनर्निर्माण से लेकर कई अन्य अस्पताल, स्कूल, धर्मशाला का निर्माण संपन्न किया गया है।

# काठमांडू में भारतीय विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने पशुपतिनाथ मंदिर में की पूजा, रुद्राक्ष का पौधा रोपा



**काठमांडू।** भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने दो दिवसीय नेपाल दौरे के आखिरी दिन शुक्रवार सुबह की शुरूआत काठमांडू के विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के साथ की। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ पशुपतिनाथ परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने पर भारतीय विदेशमंत्री का पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी निदेशक लक्ष्मी पुन, सदस्य सचिव घनश्याम खतिवडा आदि ने जोरदार स्वागत किया। डॉ. जयशंकर ने इस मौके पर विशेष पूजा करने के साथ रुद्राभिषेक भी किया। वह करीब घंटे भर पशुपति मंदिर में रहे। इस मौके पर सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त किया गया।

# पाकिस्तान: आतंकी कमांडर तूर समेत दो मारे गए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में दो दहशतगर्दों को मार गिराया। मारे गए लोगों में आतंकी संगठन का दुर्दांत कमांडर गुल यूसुफ तूर भी शामिल है। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज ने इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के शुक्रवार को जारी बयान के आधार पर यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षाबलों ने चार-पांच जनवरी की दरमियानी रात दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादी तूर टैंक और सीमावर्ती जिलों में दहशत का पर्याय था।

# पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों के आजीवन अयोग्यता मामले पर सुनवाई शुरू


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यों की पीठ ने शुक्रवार को आजीवन अयोग्यता मामले पर दोबारा सुनवाई शुरू की। इस मामले पर आने वाला फैसला यह निर्धारित करेगा कि अनुच्छेद 62 (1) के अनुरूप संशोधित चुनाव अधिनियम 2017 के तहत चुनाव लड़ने के लिए सांसदों और विधायकों की अयोग्यता जीवन भर के लिए है या पांच साल के लिए। पीठ के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा हैं। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज के अनुसार शीर्ष अदालत ने पिछले महीने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के पूर्व प्रांतीय विधायक सरदार मीर बादशाह खान कैसरानी की याचिका पर सुनवाई की थी। कैसरानी ने 2007 में फर्जी डिग्री के मामले में अपनी आजीवन अयोग्यता को चुनौती दी थी।




चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ में जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह, जस्टिस याह्या अफरीदी, जस्टिस अमीनुद्दीन खान, जस्टिस जमाल खान मंडोखेल, जस्टिस मोहम्मद अली मजहर और जस्टिस मुसर्रत हिलाली शामिल हैं। कार्यवाही का सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है।

पिछली सुनवाई में गुरुवार को चीफ जस्टिस ईसा ने टिप्पणी की थी कि किसी को भी संसद से आजीवन अयोग्य ठहराना 'इस्लाम के खिलाफ' है। उन्होंने कहा था कि इस मामले का समाधान इस्लाम में मौजूद है। पवित्र कुरान में उल्लेख है कि इंसानों का दर्जा बहुत ऊंचा है। उन्होंने एक आयत का जिक्र करते हुए कहा, जो बताती है कि इंसान बुरे नहीं हैं बल्कि उनके कर्म बुरे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अल्लाह ने ऐसा नहीं किया तो अदालत पश्चाताप का दरवाजा कैसे बंद कर सकती है।

# लाहौर हाई कोर्ट ने कहा, इमरान खान के भाषणों के प्रसारण पर रोक नहीं लगाई जाए



**लाहौर।** लाहौर हाई कोर्ट ने पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी को आदेश दिया है कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान के भाषणों के प्रसारण को रोकने के लिए टेलीविजन चैनलों पर दबाव न डाले। हाई कोर्ट का यह आदेश टेलीविजन चैनलों पर खान के संबोधनों के प्रसारण पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान गुरुवार को आया।


पाकिस्तान के समाचार पत्र द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इस तरह के किसी भी प्रतिबंध को लागू करने से इनकार किया है। हाई कोर्ट के जस्टिस शम्स महमूद मिर्जा ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि इमरान खान के भाषणों को प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश विस्तृत फैसले में जारी किए जाएंगे।

इमरान की पार्टी के वकील अहमद पनसोटा ने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए समानता के सिद्धांत पर एयर टाइम प्राप्त करना कानूनी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने इमरान खान के भाषणों के प्रसारण पर प्रतिबंध की अधिसूचना को निलंबित कर दिया है और अदालत के आदेश के बावजूद टीवी चैनलों को उनका प्रसारण करने से रोक दिया गया है।

# अमेरिकी स्कूल में गोलीबारी, छठी कक्षा के छात्र की मौत, प्रशासक समेत पांच घायल, बंदूकधारी किशोर ने आत्महत्या की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आयोवा प्रांत के पेरी हाईस्कूल में गुरुवार सुबह एक बंदूकधारी ने जमकर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में छठी कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक घायलों में एक की हालत गंभीर है।

द न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, विद्यार्थी अपनी शीतकालीन छुट्टियों के बाद वापस स्कूल आ रहे थे, तभी बंदूकधारी ने उन्हें निशाना बनाया। अखबार के अनुसार आयोवा डिवीजन ऑफ क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन के सहायक निदेशक मिच मोर्टवेट ने घटना की पुष्टि की है। मोर्टवेट ने कहा कि घायलों में चार छात्र और एक प्रशासक शामिल हैं। प्रशासक की पहचान ईस्टन वैली कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने डैन मार्बर्गर के रूप में की है। वह पेरी हाईस्कूल के प्रिंसिपल भी हैं।




अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अन्य घायलों की पहचान नहीं बताई गई है। मोर्टवेट ने यह जरूर साफ किया है कि बंदूकधारी की पहचान इसी स्कूल के 17 वर्षीय छात्र डायलन बटलर के रूप में हुई है। खूनखराबा करने के बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह स्कूल डेस मोइनेस से लगभग 40 मील उत्तर पश्चिम में है। स्कूल में गोलीबारी कक्षाएं शुरू होने से पहले की गई।

# ब्रिटिश अभिनेत्री ग्लाइनिस जॉन्स का 100 वर्ष की आयु में निधन




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर ब्रिटिश अभिनेत्री ग्लाइनिस जॉन्स का गुरुवार को यहां निधन हो गया। उन्होंने सहायता प्राप्त आवास पर 100 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह फिल्म और रंगमंच पर छह दशक से ज्यादा सक्रिय रहीं। ए लिटिल नाइट म्यूजिक में शानदार भूमिका के लिए उन्हें टोनी पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें सेंड इन द क्लाउन्स और वॉल्ट डिज्नी की फिल्म 'मैरी पोपिन्स' में शानदार भूमिका के लिए याद किया जाता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, सुश्री जॉन्स के निधन की पुष्टि उनके प्रवक्ता मिच क्लेम ने की। अखबार ने लिखा है कि वह प्यारी अभिनेत्री थीं। आलोचकों तक ने उनकी हर बार प्रशंसा की। ब्रिटिश अभिनेत्री ग्लाइनिस जॉन्स मैरी पोपिन्स में विनीफ्रेड बैंक्स की भूमिका के लिए सबसे ज्यादा जानी गईं। जॉन्स ने अपना फिल्मी करिअर 1938 में शुरू किया। 10 साल बाद उन्होंने 'मिरांडा' फिल्म में जलपरी की भूमिका निभाई। हालांकि यह फिल्म सफल नहीं हो सकी। वह दो दशक तक इंग्लैंड में रहीं।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# यूक्रेन के खिलाफ लड़ने वाले विदेशी को रूस की नागरिकता देने की पुतिन ने की पेशकश

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर यूक्रेन के विरुद्ध लड़ने वाले विदेशियों को सपरिवार नागरिकता देने की पेशकश की है।

आदेश में कहा गया है कि 'स्पेशल सैन्य अभियान' के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

राष्ट्रपति पुतिन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवेदकों को खुद के साथ अपने जीवनसाथी, बच्चे और माता-पिता को दशार्ने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। पात्र लोगों में एक साल के लिए नियमित अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले शामिल हैं।



नियमित सशस्त्र बल या अन्य सैन्य संरचनाओं वाले वैगनर जैसे समूह के लोगों पर भी यह लागू हो सकता है। ऐसा लगता है कि इस उपाय का उद्देश्य अतिरिक्त सैनिकों की भर्ती करना है। हालांकि, रूस ने उसकी ओर से लड़ रहे लोगों का कोई आंकड़ा नहीं जारी किया है।